■ पौष कृष्णा - 7 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 159 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » बुधवार » 03-01-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 भारत को 2024 में तेज गेंदबाजों की बड़ी खेप तैयार करने पर ध्यान देना चाहिए: इरफान पठान

6 श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से विपक्ष दूर क्यों ?

7 'द बुल' के लिये पैरामिलिट्री ट्रेनिंग लेंगे सलमान खान






## फर्स्ट टेक

### सैन फ्रांसिस्को में ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद आग लगी, कई चोटिल हुए

**ओरिंडा (अमेरिका)/एपी।** सैन फ्रांसिस्को बे एरिया में नव वर्ष के दिन एक यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई और उसके बाद उसमें आग लग गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में कई लोगों को मामूली चोटें आईं और कुछ समय के लिए रेल सेवा भी बाधित हो गई। एजेंसी के प्रवक्ता जिम एलिसन ने बताया कि 'बे एरिया रैपिड ट्रांजिट' ट्रेन सोमवार को सुबह करीब नौ बजे ओरिंडा से लफाएट के लिए रवाना हुई ही थी कि ट्रेन के आगे के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। फिर उनमें आग भी लग गई। उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और दमकलकर्मियों ने ट्रेन के डिब्बों में लगी आग को बुझा दिया। एलिसन ने कहा कि कई यात्रियों को मामूली चोटें आई है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल लोगों की संख्या की जानकारी नहीं दी गई है।

### भारत- संयुक्त अरब अमीरात सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली/वार्ता।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात की सेनाओं के बीच मंगलवार को राजस्थान की महाजन रेंज में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' शुरू हो गया। दोनों सेनाओं की टुकड़ियों के बीच संयुक्त अभ्यास 15 जनवरी तक चलेगा। संयुक्त अरब अमीरात की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व जायद फर्स्ट ब्रिगेड के सैनिक कर रहे हैं जबकि भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के शांति सेना अभियान चार्टर के तहत दोनों सेनाओं के बीच रेगिस्तानी और अर्ध रेगिस्तानी इलाके में तालमेल को बढाना है। अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' के दौरान संयुक्त निगरानी केंद्र की स्थापना, घेराबंदी और खोज अभियान, निर्मित क्षेत्र का प्रभुत्व और हेलिबोर्न संचालन शामिल हैं। यह अभ्यास सहयोगात्मक साझेदारी को भी बढ़ावा देगा और दोनों पक्षों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में मदद करेगा।

| 03-01-2024 | 04-01-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 5:53 बजे | सूर्योदय 6:31 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,271.94 | 21,741.90 |
| (+31.68) | (+10.50) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,567 रु. | 81,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### दागी-वाद

मैं हूं अपराधी दागी पर,
मतदाता मन की बात सुनो।
भयभीत नहीं होओ मुझसे,
निज रक्षा हित यह भाव गुनो।
प्रतिपक्षी भी तो दागी है,
मैं उससे कम यह चित्र बुनो।
जब तक ना दे दे कोर्ट सजा।
तब तक मत देकर मुझे चुनो।।



# 'एक नई उम्मीद बनकर उभरा भारत'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत दुनिया में एक नई उम्मीद बनकर उभरा है और बड़े निवेशक देश में निवेश कर रहे हैं। मोदी ने यहां तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा, आज भारत शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा,आज भारत दुनिया में एक नई उम्मीद बनकर उभरा है। बड़े-बड़े निवेशक देश में निवेश कर रहे हैं और इसका लाभ तमिलनाडु और देश की जनता को मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत प्रमुख बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज़ गति से आर्थिक विकास में रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों से अगली तिमाही में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा,जब हम इसे विकसित राष्ट्र कहते हैं तो इसमें अर्थव्यवस्था और संस्कृति भी शामिल होती है। मैं तमिलनाडु में एक बड़ा योगदान देख सकता हूं। मोदी ने कहा कि जब तमिलनाडु तेजी से विकास करेगा तो भारत का विकास भी तेजी से होगा। उन्होंने कहा, तमिलनाडु मेक इन इंडिया योजना का बड़ा ब्रांड एंबेसडर बन रहा है।

### बीस हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु में प्रधानमंत्री मोदी ने 20,140 करोड़ रुपए की लागत से 20 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा मैं कामना करता हूं कि वर्ष 2024 सभी के लिए शांतिपूर्ण और समृद्ध हो। यह सौभाग्य की बात है कि 2024 में मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम तमिलनाडु में हो रहा है। आज लगभग 20,000 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।तमिलनाडु की प्रगति को मजबूत करें। मैं आपको इन परियोजनाओं के लिए बधाई देता हूं।

### 'हमारा देश और सभ्यता ज्ञान पर केंद्रित है' : मोदी

**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और उसकी सभ्यता हमेशा ज्ञान पर केंद्रित रही है। मोदी ने यहां भारतीदासन विश्वविद्यालय (बीयू) में 38वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नालंदा और तक्षशिला जैसे कुछ प्राचीन विश्वविद्यालय प्रसिद्ध हैं। इसी तरह कांचीपुरम जैसे स्थानों में महान विश्वविद्यालयों का भी उल्लेख है। उन्होंने कहा, गंगईकोंडा चोलपुरम और मदुरै भी शिक्षा के महान केंद्र थे। उन्होंने कहा, दीक्षांत समारोह में आना मेरे लिए विशेष है, क्योंकि 2024 में यह मेरी पहली सार्वजनिक सभा है। बीयू ने एक मजबूत और परिपक्व नींव पर शुरुआत की है। इस परिपक्वता ने विश्वविद्यालय को कई क्षेत्रों में प्रभावशाली बना दिया है। चाहे वह मानविकी, भाषा, विज्ञान या यहां तक कि उपग्रह हो- बीयू एक अद्वितीय पहचान बनाता है। उन्होंने कहा, आप ऐसे समय में दुनिया में कदम रख रहे हैं, जब हर क्षेत्र में हर कोई आपकी ओर एक नई आशा के साथ देख रहा है।


## 'आप' विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ ईडी ने फिर छापे मारे



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के लिए कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के राष्ट्रीय राजधानी में स्थित करीब चार से पांच परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईडी अधिकारी करीब चार-पांच परिसरों की तलाशी ले रहे हैं। ईडी ने दिल्ली विधानसभा में ओखला निर्वाचन क्षेत्र से विधायक खान (49) के परिसरों पर अक्टूबर में भी छापा मारा था।

## पांच देश ब्रिक्स के पूर्ण सदस्य बने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत, रूस और चीन सहित शीर्ष उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले ब्रिक्स समूह ने वैश्विक मामलों में पश्चिमी प्रभुत्व की पृष्ठभूमि में अपनी रणनीतिक शक्ति बढ़ाने के प्रयास के तहत इसमें पांच पूर्ण सदस्यों को शामिल करने की घोषणा की है।

रूस के ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालते ही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कहा कि यह समूह अब 10 देशों का संगठन बन गया है, जिसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात नए सदस्य के रूप में शामिल हो गए हैं। अगस्त में, जोहानिसबर्ग में समूह के शिखर सम्मेलन में शीर्ष ब्रिक्स नेताओं ने एक जनवरी से अर्जेंटीना सहित छह देशों को इस समूह में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालाँकि, अर्जेंटीना के नए राष्ट्रपति जेवियर माइली ने पिछले हफ्ते अपने देश को ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) का सदस्य बनने का प्रस्ताव वापस लेने की घोषणा की। पुतिन ने एक संबोधन में कहा, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात नए पूर्ण सदस्यों के रूप में ब्रिक्स में शामिल हुए।

## महामारी का प्रकोप नियंत्रित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मांडविया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि सरकार संक्रामक रोगों की निगरानी और प्रकोप नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मांडविया ने यहां राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) परिसर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार जिला स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का मजबूत ढांचा तैयार कर रही है। इससे स्वास्थ्य सुविधाएं देश के प्रत्येक नागरिक की पहुंच में होगी और महामारियों का प्रकोप रोकने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एनसीडीसी को मजबूत करने के माध्यम से संक्रामक रोगों की निगरानी और प्रकोप प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि यह विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों तक, महामारी के प्रकोप से बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

# हिट एंड रन कानून अभी नहीं होगा लागू

## सरकार ने हड़ताली ड्राइवरों से काम पर लौटने की अपील की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




■ केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

■ इस कानून को ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद ही लागू किया जायेगा।

■ ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने सभी ड्राइवरों से काम पर लौटने की अपील की है।

**नई दिल्ली/वार्ता।** सरकार और ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने हिट एंड रन कानून के विरोध में देश भर में हड़ताल कर रहे ट्रक और बस चालकों से काम पर लौटने की अपील करते हुए कहा है कि अभी इस कानून को लागू नहीं किया गया है और इसे लागू करने से पहले उनसे बातचीत की जायेगी।

केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने मंगलवार को यहां ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद गृह मंत्रालय की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया है कि भल्ला ने प्रतिनिधियों से कहा कि सरकार ने न्याय संहिता की धारा 106 (2) में दस साल की सजा तथा जुर्माने के प्रावधान के बारे में वाहन चालकों की चिंता का संज्ञान लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये नये कानून और प्रावधान अभी लागू नहीं किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून को ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद ही लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार हड़ताली ड्राइवरों से अपील करती है कि वे अपने काम पर वापस लौट आयें। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने सभी ड्राइवरों से काम पर लौटने की अपील की है।

हिट एंड रन कानून के विरोध में देश भर में ट्रक और बस चालकों के आंदोलन के आज दूसरे दिन परिवहन पर व्यापक असर पड़ा है वहीं पेट्रोल-डीजल जैसी अत्यावश्यक ईंधन के लिए लोगों के बीच मारामारी की स्थिति रही।

देश भर में ट्रक और बस चालकों के आंदोलन के कारण एक से दूसरे शहरों में लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है। विभिन्न स्थानों पर ट्रकों और बसों को रोक दिया गया है जिससे आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं समेत रोजमर्रा की वस्तुओं का परिवहन ठप हो गया है वहीं अपने गंतव्य पर जाने वाले लोग भी इधर-उधर भटक रहे हैं।



## रूस ने मिसाइल से यूक्रेन के शहरों को बनाया निशाना

### पांच की मौत, करीब 100 अन्य घायल

**कीव/एपी।** रूस ने यूक्रेन के दो सबसे बड़े शहरों पर मंगलवार को मिसाइलों से हमला किया जिनमें पांच लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 100 अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। युद्ध के दो साल होने को आए हैं और इसके साथ ही रूस ने सर्दियों में शहरी इलाकों में बमबारी तेज कर दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि राजधानी कीव पर किए गए हमले में चार आम लोगों की मौत हुई है और 92 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि किनझल मिसाइलों से राजधानी पर हमला किया गया जो ध्वनि की गति से 10 गुना अधिक गति से जा सकती हैं।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तर पूर्वी शहर खारकीव में रूस के हमले में एक अन्य व्यक्ति की मौत हुई है।

## देश में कोविड के उप स्वरूप जेएन.1 के 263 मामले आए

**नई दिल्ली/भाषा।** इंडियन सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) के मंगलवार को अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कोविड-19 उप-स्वरूप जेएन.1 के कुल 263 मामले सामने आए हैं जिनमें से करीब आधे मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। अभी तक 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वायरस के जेएन.1 उप स्वरूप की उपस्थिति पाई गई है। आईएनएसएसीओजी के अनुसार, इन राज्यों में केरल (133), गोवा (51), गुजरात (34), दिल्ली (16), कर्नाटक (8), महाराष्ट्र (9), राजस्थान (5), तमिलनाडु (4), तेलंगाना (2) और ओडिशा (1) हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि दिसंबर में देश में दर्ज किए गए कोविड के 239 मामलों में जेएन.1 पाया गया है जबकि नवंबर में ऐसे 24 मामले सामने आए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जेएन.1 को इसके तेजी से वैश्विक प्रसार के बाद इसे निगरानी में रखे जाने वाले स्वरूप के रूप में वर्गीकृत किया है।

# जापान में हवाई अड्डे पर टक्कर के बाद दो विमानों में आग लगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ सैकड़ों लोग बचे, पांच की मौत

**टोक्यो/एपी।** जापान की राजधानी में हानेडा हवाई अड्डे के रनवे पर मंगलवार को एक यात्री विमान और तटरक्षक बल के एक विमान के बीच टक्कर के बाद दोनों विमानों में आग लग गई। इस घटना में छोटे विमान में सवार पांच लोगों की मौत हो गई।

परिवहन मंत्री तेत्सुओ सैतो ने पुष्टि की कि जापान एअरलाइंस की उड़ान जेएएल-516 में सवार सभी 379 लोग विमान के आग की लपटों में घिरने से पहले सुरक्षित बाहर निकल आए। उन्होंने कहा कि तटरक्षक विमान का पायलट तो बच गया लेकिन चालक दल के पांच अन्य सदस्यों की मौत हो गई। मंत्री ने कहा कि जापान एअरलाइंस का यात्री विमान एयरबस ए-350 था, जिसने साप्पोरो शहर के पास शिन चिटोस हवाई अड्डे से हानेडा के लिए उड़ान भरी थी।

## अडाणी-हिंडनबर्ग मामले से जुड़ी याचिकाओं पर आज आएगा फैसला

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर बुधवार को फैसला सुनाएगा। आरोप है कि अडाणी समूह द्वारा शेयर मूल्यों में हेराफेरी की गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 24 नवंबर को याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि शेयर बाजार नियामक सेबी को बदनाम करने का उसके पास कोई कारण नहीं है, जिसने अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों की जांच की थी।

## भारत के साथ हर कोई चाहता है मुक्त व्यापार समझौता : जीटीआरआई रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** यूरोप और ब्रिटेन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से लेकर ओमान और पेरू जैसी छोटी अर्थव्यवस्थाओं वाले कई देश भी भारत के तेजी से बढ़ते बाजार के कारण उसके साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) करना चाहते हैं। एक आर्थिक शोध संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा कि भारत के साथ एफटीए करने से ये देश कम या बिना किसी आयात शुल्क के भारतीय बाजार तक पहुंच कायम कर सकते हैं। इससे उनकी कंपनियों को भारतीय बाजार में बिक्री करने में दूसरों के मुकाबले बढ़त मिलती है। भारत वर्तमान में अपना अधिकतर आयात (75 प्रतिशत से अधिक) उन देशों से करता है जिनके साथ उसका एफटीए नहीं है। इसलिए ये समझौते खासकर आकर्षक हैं क्योंकि वे भारत में महत्वपूर्ण नए बाजार अवसर प्रदान करते हैं। रिपोर्ट कहती है, हर कोई भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करना चाहता है। अमेरिका, यूरोप, जापान और ब्रिटेन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से लेकर ओमान, पेरू तथा मॉरीशस जैसी छोटी अर्थव्यवस्थाओं वाले देश तक भारत के साथ एफटीए चाहते हैं। इसकी मुख्य वजह भारत का उच्च आयात शुल्क है जिससे इन देशों के लिए भारत के बड़े तथा तेजी से बढ़ते बाजार तक पहुंच मुश्किल हो जाती है।

## तेलंगाना की कांग्रेस सरकार कालेश्वरम परियोजना मामले की सीबीआई जांच क्यों नहीं चाहती : रेड्डी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने मंगलवार को जानना चाहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने राज्य में कालेश्वरम परियोजना में कथित भ्रष्टाचार पर सीबीआई जांच के लिए केंद्र को पत्र क्यों नहीं लिखा।

रेड्डी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए आश्चर्य जताया कि क्या एआईएमआईएम की मध्यस्थता से इस मुद्दे पर राज्य की कांग्रेस सरकार और बीआरएस पार्टी के बीच कोई ''मौन'' समझौता हो गया है। किशन रेड्डी ने पूछा, विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस नेताओं ने इस मुद्दे की सीबीआई जांच की मांग की थी। आज, मुख्यमंत्री (रेवंत रेड्डी) सीबीआई जांच की मांग के लिए केंद्र को पत्र क्यों नहीं लिख रहे हैं? क्या कांग्रेस सरकार ईमानदारी से कालेश्वरम परियोजना की जांच चाहती है या नहीं? क्या वे चाहते हैं कि दोषियों को सजा मिले या नहीं?''

भाजपा नेता ने कहा, मैं जानना चाहता हूं कि क्या मुख्यमंत्री में कोई ईमानदारी है। बीआरएस सरकार का सबसे बड़ा घोटाला कालेश्वरम परियोजना था। क्या आप सीबीआई जांच का आदेश देना चाहते हैं? क्या आप (केंद्र को) पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि हालिया विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने दावा किया था कि अगर वह सत्ता में आई तो वह पूर्ववर्ती बीआरएस सरकार द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं सहित ''भ्रष्टाचार'' के मामलों की जांच का आदेश देगी।

# प्रधानमंत्री मोदी आज केरल में दो लाख महिलाओं की एक जनसभा को संबोधित करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को त्रिशूर में दो लाख महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित करेंगे। इसे आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आधिकारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चुनावी बिगुल माना जा रहा है।

संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण विधेयक को पारित होने पर मोदी को बधाई देने के लिए भाजपा की केरल इकाई ने थेक्किनकाडु मैदान में 'तीन शक्ति मोदीक ओप्पम' नामक सम्मेलन का आयोजन किया है। आंगनवाड़ी शिक्षकों, आशा कार्यकर्ताओं, उद्यमियों, कलाकारों, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न पृष्ठभूमि की महिलाओं के इस कार्यक्रम में भाग लेने की उम्मीद है। हालांकि इस कार्यक्रम को महिलाओं की विशाल बैठक के रूप में योजनाबद्ध किया गया है लेकिन इसे केरल में राजनीतिक पैठ बनाने के प्रयास में आगामी आम चुनावों के लिए भाजपा द्वारा चुनाव अभियान की आधिकारिक शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। केरल की राजनीति में वर्तमान में माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) का प्रभुत्व है। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने हाल ही में स्पष्ट किया था कि लोकसभा चुनाव से पहले अगले कुछ महीनों में और अधिक राष्ट्रीय नेता दक्षिणी राज्य का दौरा करेंगे और लोगों से संवाद स्थापति करेंगे। त्रिशूर को सामूहिक कार्यक्रम स्थल के रूप में चुना जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है जहां भाजपा को आगामी चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन ने कहा है कि त्रिशूर में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं होंगी, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली प्रमुख हस्तियां भी शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी की त्रिशूर यात्रा दक्षिणी राज्य के राजनीतिक इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी।

## घोड़े की नाल से प्रेरणा लेकर नैनो उपग्रहों के लिए खास एंटीना विकसित, सरकार से पेटेंट मिला

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** मध्यप्रदेश के इंदौर के एक इंजीनियरिंग महाविद्यालय के प्रोफेसर ने घोड़े की नाल से प्रेरणा लेकर नैनो उपग्रहों पर लगने वाले एंटीना का आकार 33 प्रतिशत तक घटा दिया है। उपग्रहों की कार्यक्षमता बढ़ाने पर केंद्रित इस अविष्कार के लिए केंद्र सरकार ने प्रोफेसर को पेटेंट भी प्रदान किया है।

श्री जीएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एसजीएसआईटीएस) के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक प्रोफेसर सतीश कुमार जैन ने मंगलवार को ''पीटीआई-भाषा'' को बताया कि सात साल के अनुसंधान के बाद उन्होंने नैनो उपग्रहों पर लगने वाले अलग-अलग तरह के एंटीना का आकार 17 से 33 प्रतिशत तक घटा दिया है। उन्होंने बताया, नैनो उपग्रहों के एंटीना के डिजाइन की चुनौतियों को लेकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों से चर्चा के बाद मैंने इस अविष्कार की योजना बनाई। इसके आकार के लिए मुझे घोड़े की नाल से प्रेरणा मिली। इसलिए मैंने नैनो उपग्रहों के एंटीना के लिए अपने खास डिजाइन को हॉर्स शू का नाम दिया है।

जैन के मुताबिक एंटीना का आकार छोटा होने से नैनो उपग्रहों में पहले से ज्यादा एंटीना लगाए जा सकेंगे और जाहिर है कि ये पुराने डिजाइन के एंटीना से हल्के भी होंगे।



## गुजरात में 30 फुट गहरे बोरवेल से निकाली गई तीन वर्षीय बच्ची की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देवभूमि द्वारका (गुजरात)/भाषा।** गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में 30 फुट गहरे बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय लड़की की एक अस्पताल में मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि लड़की को बोरवेल से निकाले जाने के बाद बेहोशी की हालत में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बच्ची रण गांव में सोमवार दोपहर करीब एक बजे खुले बोरवेल में गिर गई थी। उसे रात में करीब नौ बजकर 50 मिनट पर बेहोशी की हालत में 30 फुट गहरे बोरवेल से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए जामनगर के एक अस्पताल ले जाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि लड़की को नौ घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद बोरवेल से निकाला गया। उस वक्त वह जीवित थी लेकिन बेहोशी की हालत में थी।

जाम खंभलिया में जनरल अस्पताल के रेजिडेंट चिकित्सा अधिकारी डॉ. केतन भारती ने बताया कि जब बच्ची को इस अस्पताल में लाया गया तो उसे मृत घोषित कर दिया गया था। यह अस्पताल घटनास्थल से करीब 35 किलोमीटर दूर है।

डॉ. भारती ने कहा, जब बचाव अभियान जारी था तो घटनास्थल पर तैनात चिकित्सा दल के साथ अस्पताल का एक बाल चिकित्सक भी था। जैसे ही लड़की को बोरवेल से बाहर निकाला गया तो एक एम्बुलेंस में अस्पताल ले जाते वक्त उसका इलाज शुरू कर दिया गया था। उन्होंने कहा, हमने पोस्टमार्टम किया और उसकी मौत का कारण दम घुटना (ऐसी स्थिति जिसमें शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है) पाया।

## वोडाफोन आइडिया ने मस्क की कंपनी के साथ गठजोड़ की चर्चाओं को नकारा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने एलन मस्क की अगुवाई वाली स्टारलिंक के साथ गठजोड़ के लिए बातचीत से मंगलवार को इनकार करते हुए कहा कि वह इस गठजोड़ का दावा करने वाली रिपोर्टों के आधार के बारे में अनभिज्ञ है।

वोडाफोन आइडिया ने बीएसई को दी सूचना में इस बात पर बल दिया कि वह बाजार सूचीबद्धता संबंधी सेबी प्रावधानों का पालन करेगी और स्टॉक एक्सचेंजों को मूल्य संबंधी सभी संवेदनशील जानकारियों से अवगत कराती रहेगी। आर्थिक मुश्किलों का सामना कर रही कंपनी का यह बयान ऐसे समय आया है जब बाजार में ऐसी चर्चा चल रही है कि मस्क की स्टारलिंक भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में कदम रखने के लिए वोडाफोन आइडिया के साथ गठजोड़ कर सकती है। इस पर वीआईएल ने कहा, हमें इस समाचार के आधार के बारे में जानकारी नहीं है। इस संबंध में हम यह कहना चाहेंगे कि कंपनी नामित पक्ष के साथ ऐसी किसी भी चर्चा में नहीं है।

दरअसल, ऐसी अटकलें लग रही थीं कि सरकार वीआईएल में मिली अपनी 33.1 प्रतिशत हिस्सेदारी मस्क को बेच सकती है ताकि स्टारलिंक को भारतीय बाजार में प्रवेश करने का रास्ता तैयार किया जा सके। पिछले कुछ दिनों में वीआईएल के शेयरों में इस साझेदारी की उम्मीद में तेजी देखने को मिली है। मस्क के अगले हफ्ते वाइब्रेंट गुजरात निवेशक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत के दौरे पर आने की सूचना से इस तेजी को और बल मिला है।

हालांकि, मंगलवार का दिन वोडाफोन आइडिया के शेयरों के लिए अच्छा नहीं रहा और बीएसई पर इसके भाव में 5.65 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई।

## केजरीवाल को ईडी की ओर से जारी समन पर पार्टी कानून के मुताबिक कदम उठाएगी : आप प्रवक्ता



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी की ओर से जारी समन पर पार्टी कानून के मुताबिक कदम उठाएगी। ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े धन सोशन मामले में केजरीवाल को पूछताछ के लिए तीन जनवरी को बुलाया है। संवाददाता सम्मेलन में कक्कड़ से पूछा गया कि क्या केजरीवाल पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश होंगे। उन्होंने कहा, इस सवाल का जवाब हमारी कानूनी टीम ही बेहतर दे सकेगी। हम कानून के अनुसार काम करेंगे। केजरीवाल को ईडी की ओर से यह तीसरा नोटिस है। इससे पहले दो नवंबर और 21 दिसंबर को भी समन जारी किए थे, लेकिन केजरीवाल ने पेश होने से इनकार कर दिया था।

## मप्र : नए साल के पहले दिन महाकालेश्वर मंदिर में आठ लाख से ज्यादा श्रद्धालु आए




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**उज्जैन/भाषा।** मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में नए साल के पहले दिन आठ लाख से अधिक श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे। मंदिर के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। मंदिर प्रबंधन समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि सोमवार को दिन भर मंदिर बंद होने तक 8.10 लाख भक्तों ने मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने कहा कि सोमवार को मंदिर में दर्शन के लिए सुबह छह बजे से लंबी कतारें थीं और 45,000 से अधिक लोगों ने भस्म-आरती (सुबह की प्रार्थना) देखी। सोमवार को बड़ी संख्या में लोग महाकाल कॉरिडोर पर कतार में लगे नजर आए।

## एचयूएल को मिले 447.5 करोड़ रु. के जीएसटी मांग व जुर्माना नोटिस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** रोजमर्रा के उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) को पांच राज्यों के अधिकारियों से कुल 447.5 करोड़ रुपए के जीएसटी मांग तथा जुर्माना नोटिस मिले हैं।

एचयूएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इन ओदशों के खिलाफ अपील की जा सकती है और कंपनी इसका आकलन करेगी।

कंपनी को पिछले सप्ताह शुक्रवार और शनिवार को जीएसटी क्रेडिट की अस्वीकृति, प्रवासियों को दिए जाने वाले भत्ते सहित वेतन आदि जैसे मुद्दों पर विभिन्न राज्यों के जीएसटी अधिकारियों से पांच नोटिस मिले।

एचयूएल के अनुसार, इन जीएसटी मांगों तथा जुर्माना आदेश का कंपनी की '' वित्तीय स्थिति, संचालन या कंपनी की अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## बालिका से बलात्कार के आरोप में युवक गिरफ्तार, आरोपी की मां फरार

**पेंड्रा (छत्तीसगढ़)/भाषा।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में 16 वर्षीय बालिका के साथ बलात्कार और मारपीट के बाद युवक ने अपनी मां के सहयोग से उसे तालाब के करीब फेंक दिया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसकी मां की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि जिले के पेंड्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में बालिका से बलात्कार और मारपीट के आरोप में पुलिस ने छोटू ओट्टी (27) को गिरफ्तार कर लिया। 21 दिसंबर की शाम को जब बालिका अपने घर जा रही थी तभी छोटू ओट्टी ने कथित तौर पर बालिका को घर पहुंचाने के बहाने उसका अपहरण कर लिया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छोटू बालिका को पहले करीब के जंगल ले गया और वहां से उसे अपने घर ले गया। वहां आरोपी ने कथित तौर पर बालिका के साथ दो दिनों तक बलात्कार किया।

## कुछ ताकतें आदिवासी समुदाय को बांटने की कोशिश कर रही हैंः हेमंत सोरेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**खरसावां (झारखंड)/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कुछ ताकतें 'जल, जंगल और जमीन' से संबंधित मुद्दों पर आदिवासी समुदाय को विभाजित करने की कोशिश कर रही हैं।

एक जनवरी 1948 को खरसावां में मारे गए आदिवासियों को श्रद्धांजलि देने के बाद सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये ताकतें आदिवासी संस्कृति और परंपराओं पर भी हमला कर रही हैं। उन्होंने कहा, आदिवासी लगातार उपेक्षित रहते हैं क्योंकि नीति निर्माता कभी समुदाय के हितों को ध्यान में नहीं रखते। यही कारण है कि आदिवासी कमजोर हो गए हैं और आर्थिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, समाज में कुछ ताकतें हैं जो 'जल, जंगल और जमीन' से जुड़े मुद्दों पर आदिवासियों को बांटना चाहती हैं और छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम और संताल परगना भूधारण अधिनियम जैसे कानूनों के साथ छेड़छाड़ करके समुदाय को विस्थापित करना चाहती हैं। वे आदिवासी संस्कृति और परंपराओं पर भी हमला कर रहे हैं।

सोरेन ने कहा कि झारखंड की पहचान कभी आदिवासियों से होती थी, लेकिन पिछले दो दशकों में यह समुदाय राज्य में हाशिए पर चला गया है। उन्होंने आदिवासियों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा, लेकिन, आप लोगों ने मेरी पार्टी को वोट देकर सत्ता में पहुंचाया है और मैं आप सभी को आश्वस्त कर सकता हूं कि मेरी सरकार किसी को भी समुदाय के सम्मान और स्वाभिमान को धूमिल करने की इजाजत नहीं देगी। उन्होंने कहा, झारखंड की अस्मिता और गौरव के लिए कई लोगों ने बलिदान दिया है और हमें प्रतिज्ञा लेनी चाहिए कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

## मरीज या उसके परिजनों के इनकार पर अस्पताल उसे आईसीयू में भर्ती नहीं कर सकते : अदालत

**नई दिल्ली/भाषा।** अस्पताल गंभीर रूप से बीमार रोगियों को उनके या उनके परिजनों के इनकार करने पर गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में नहीं भर्ती कर सकते। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईसीयू में भर्ती करने से जुड़े अपने ताजा दिशा-निर्देश में यह जानकारी दी है।

24 विशेषज्ञों की ओर से तैयार दिशा-निर्देश में सिफारिश की गई है कि यदि लाइलाज मरीज या बीमारी का इलाज संभव नहीं है या उपलब्ध नहीं है और माजूदा उपचार का कोई असर नहीं पड़ने वाला है, खासकर मरीज के जीवित रहने के लिहाज से, तो आईसीयू में रखना व्यर्थ की देखभाल करना है। इसमें कहा गया है कि यदि कोई आईसीयू में देखभाल के खिलाफ है तो उस व्यक्ति को आईसीयू में भर्ती नहीं किया जाना चाहिए।

इसके अलावा महामारी या आपदा की स्थिति में, जब संसाधन की कमी होती है, कम प्राथमिकता वाले मानदंडों को एक मरीज को आईसीयू में रखने के लिए ध्यान में रखा जाना चाहिए। दिशा-निर्देश में है कि किसी मरीज को आईसीयू में भर्ती करने का मानदंड किसी अंग का काम करना बंद करना और मदद की आवश्यकता या चिकित्सा स्थिति में गिरावट की आशंका पर आधारित होना चाहिए। जिन मरीजों ने हृदय या श्वसन अस्थिरता जैसी किसी बड़ी 'इंट्राऑपरेटिव' जटिलता का अनुभव किया है या जिनकी बड़ी सर्जरी हुई है, वे भी मानदंडों में शामिल हैं। दिशा-निर्देश में गंभीर रूप से बीमार मरीजों को जिन स्थितियों में आईसीयू में नहीं भर्ती करने के लिए कहा है उनमें मरीज या मरीज के परिजनों की ओर आईसीयू में भर्ती से इनकार करना शामिल हैं।

## चीनी वीजा धन शोधन मामले में कार्ति चिदंबरम फिर से ईडी के सामने पेश हुए



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम 2011 में कुछ चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से जुड़े धन शोधन मामले में नए दौर की पूछताछ के लिए मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

तमिलनाडु की शिवगंगा लोकसभा सीट से 52 वर्षीय सांसद से इस मामले में पिछले साल 23 दिसंबर को पूछताछ की गई थी और केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया था। अधिकारियों ने कहा कि वह मध्य दिल्ली में ईडी मुख्यालय में मामले के जांच अधिकारी के सामने फिर से पेश हुए। उन्होंने जांच एजेंसी के दफ्तर जाने से पहले संवाददाताओं से कहा, यह एक सामान्य बात है। ये ऐसी चीजें हैं जो नियमित रूप से होती हैं, खासकर जब चुनाव नजदीक आते हैं। ये सभी व्यर्थ की कवायदें हैं। हम इन से निपटेंगे।

## डुकाटी इस साल भारत में पेश करेगी आठ नई बाइक

**नई दिल्ली/भाषा।** लक्जरी मोटरसाइकिल बनाने वाली इतालवी कंपनी डुकाटी ने कहा कि वह भारतीय बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए इस साल यहां आठ नई बाइक पेश करने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि वह इस साल मल्टीस्ट्राडा वी4 आरएस, डेजर्टएक्स रैली, पैनिगेल वी4 रेसिंग रेप्लिका 2023, डायवेल फॉर बेंटले, मॉन्स्टर 30 एनिवर्सेरियो, पैनिगेल वी4 एसपी2 30 एनिवर्सेरियो 916 के साथ नया स्ट्रीटफाइटर वी4एस 2023 मॉडल लेकर भारत आने वाली है।

डुकाटी ने कहा कि इसकी शुरुआत नए साल की पहली तिमाही में स्ट्रीटफाइटर वी4 लेम्बोर्गिनी मॉडल के साथ होगी। दो नई डीलरशिप के साथ आठ नई मोटरसाइकिलें भारतीय बाजार में पेश की जाएंगी। डुकाटी इंडिया के प्रबंध निदेशक विपुल चंद्रा ने कहा कि 2023 की पहली तीन तिमाहियों में स्क्रैम्बलर रेंज की बाइक न होने के बावजूद कंपनी अपने बिक्री लक्ष्य को पाने में सफल रही थी। डुकाटी को भारतीय बाजार के लिए 2024 का साल आशाजनक रहने की उम्मीद है।

# रमेश ने सीईसी को लिखा पत्र, विपक्षी गठबंधन के वीवीपीएटी पर विचार रखने के लिए मांगा समय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के नेताओं की एक टीम को वीवीपीएटी पर उनका दृष्टिकोण रखने के लिए उनसे और उनके सहयोगियों से मिलने का अवसर प्रदान किया जाए।

कुमार को लिखे पत्र में रमेश ने कहा कि 20 दिसंबर, 2023 को 'इंडिया' के घटक दलों के नेताओं ने हाल में आयोजित गठबंधन के नेताओं की एक दिन पहले हुई बैठक में पारित एक प्रस्ताव के आधार पर वीवीपीएटी के उपयोग पर चर्चा करने और सुझाव देने के लिए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) से समय देने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, हम इस प्रस्ताव की एक प्रति सौंपने और चर्चा करने के लिए ईसीआई से मिलने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अब तक इसमें सफलता नहीं मिली है। रमेश ने कहा, मैं एक बार फिर अनुरोध करता हूं कि 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की 3-4 सदस्यीय टीम को आपसे और आपके सहयोगियों से मिलने तथा वीवीपीएटी पर अपना दृष्टिकोण रखने के लिए कुछ मिनट का समय देने का अवसर दिया जाए। कांग्रेस महासचिव ने 30 दिसंबर 2023 को लिखे अपने पत्र में यह भी बताया कि नौ अगस्त 2023 को 'इंडिया' के घटकों की ईवीएम संबंधी चिंताओं पर ईसीआई को एक ज्ञापन सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि पिछले साल 9, 10, 16, 18 और 23 अगस्त को ईसीआई के साथ विपक्षी गठबंधन (इंडिया) के प्रतिनिधिमंडल की बैठक के लिए कई बार अनुरोध किए गए। रमेश ने कहा, ईसीआई ने 23 अगस्त 2023 को ज्ञापन पर हमारे वकील को एक स्पष्टीकरण जारी किया। यह स्पष्टीकरण सामान्य प्रकृति का था और (1.) हमें ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध ईवीएम पर मानक एफएक्यू (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) का संदर्भ लेने का निर्देश दिया गया था; (2.) जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 61ए के माध्यम से ईवीएम के लिए कानूनी समर्थन के बारे में बताया गया; (3.) ईवीएम के मुद्दे पर उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के निर्णयों का सारांश दिया गया; (4.) यह दिखाने के लिए 2004 से विधानसभा और संसदीय चुनाव परिणामों का एक चार्ट प्रदान किया गया कि अधिकतम सीटें जीतने वाली राजनीतिक पार्टी कई बार बदली हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद हालांकि 'इंडिया' के घटक दलों के प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय या सुनवाई का मौका नहीं दिया गया।






# प्रधानमंत्री मोदी ने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां कई परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और कुछ नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं की कुल लागत 20,140 करोड़ रुपये है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने राज्य में हाल ही में हुई भारी बारिश, दिसंबर 2023 में आई बाढ़ और इनसे हुए नुकसान का जिक्र किया और कहा कि वह प्रभावित परिवारों की पीड़ा समझ सकते हैं।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार संकट की इस घड़ी में तमिलनाडु के लोगों के साथ खड़ी है। हम राज्य सरकार को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में हवाई और बंदरगाहों, रेलवे, राजमार्ग, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, परमाणु ऊर्जा और उच्च शिक्षा से संबंधित 20 परियोजनाओं की आधारशिला रखी, उद्घाटन किया और राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री ने तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बने नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। करीब 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित, दो-स्तरीय नए अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल भवन में सालाना 44 लाख से अधिक यात्रियों और व्यस्त समय के दौरान लगभग 3500 यात्रियों की सेवा करने की क्षमता है। नए टर्मिनल में यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं हैं।

प्रधानमंत्री ने चेन्नई में कामराजार बंदरगाह के जनरल कार्गो बर्थ-2 (ऑटोमोबाइल निर्यात/आयात टर्मिनल-2 और कैपिटल ड्रेजिंग फेज-5) को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने 9,000 करोड़ रुपये से अधिक की पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पिछले दिनों एक बयान में कहा था कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की परियोजनाएं क्षेत्र में ऊर्जा की औद्योगिक, घरेलू और वाणिज्यिक आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

राष्ट्र को समर्पित दो परियोजनाओं में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की आईपी101 (चेंगलपेट) से आईपी 105 (सयालकुडी) खंड एन्नोर-थिरुवल्लूर - बेंगलुरु - पुडुचेरी - नागापट्टिनम - मदुरै - तूतीकोरिन पाइपलाइन तक की 488 किलोमीटर लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की 697 किलोमीटर लंबी विजयवाड़ा-धर्मपुरी मल्टीप्रोडक्ट (पीओएल) पेट्रोलियम पाइपलाइन (वीडीपीएल) शामिल है।

मोदी ने गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) द्वारा कोच्चि-कुट्टनाड-बेंगलूरु-मंगलूरु गैस पाइपलाइन 2 के कृष्णागिरि से कोयंबटूर खंड तक 323 किलोमीटर लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के विकास और पीओएल पाइपलाइन बिछाने की आधारशिला भी रखी।

उन्होंने चेन्नई में कामराजार बंदरगाह के जनरल कार्गो बर्थ-2 (ऑटोमोबाइल निर्यात/आयात टर्मिनल-2 और कैपिटल ड्रेजिंग चरण-वी) को भी राष्ट्र को समर्पित किया। जनरल कार्गो बर्थ-2 का उद्घाटन देश के व्यापार को मजबूत करने की दिशा में एक कदम होगा जो आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री ने कई रेलवे परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया जिसमें 41.4 किलोमीटर लंबे सेलम-मैग्नेसाइट जंक्शन-ओमालूर-मेट्टूर बांध खंड के दोहरीकरण की परियोजना, मदुरै-तूतीकोरिन तक 160 किलोमीटर के रेल लाइन खंड के दोहरीकरण की परियोजना और रेल लाइन विद्युतीकरण के लिए तीन परियोजनाएं शामिल हैं।

उन्होंने राष्ट्र को पांच सड़क क्षेत्र की परियोजनाएं भी समर्पित कीं, जिनमें एनएच-81 के त्रिची-कल्लगाम खंड के लिए 39 किमी लंबी चार लेन सड़क, एनएच-81 के कल्लागम-मीनसुरुट्टी खंड की 60 किमी लंबी 4/2-लेन सड़क, 29 किमी एनएच-785 के चेट्टीकुलम-नाथम खंड की लेन सड़क, एनएच-536 के कराईकुडी-रामनाथपुरम खंड के पक्के कंधे के साथ 80 किमी लंबी दो-लेन सड़क, और एनएच-179ए सलेम-तिरुपथुर-वनियमबाड़ी रोड का 44 किमी लंबा चार-लेन खंड शामिल है। मोदी ने महत्वपूर्ण सड़क विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी, जिसमें एनएच 332ए के मुगैयुर से मरक्कनम तक 31 किमी लंबी चार लेन सड़क का निर्माण भी शामिल है।

## स्टालिन ने विनाशकारी बारिश को प्राकृतिक आपदा घोषित करने की मांग दोहराई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की कि राज्य में तबाही मचाने वाली बारिश को प्राकृतिक आपदा घोषित किया जाए और राहत एवं मरम्मत कार्यों के लिए एनडीआरएफ कोष उपलब्ध कराया जाए।

स्टालिन ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री वर्षा को प्राकृतिक आपदा घोषित करने की गुजारिश को प्रभावित लोगों की मांग मानकर उसपर विचार करेंगे। प्रधानमंत्री के सामने यहां मुद्दा उठाते हुए स्टालिन ने कहा, पिछले महीने चेन्नई और दक्षिणी जिलों में बारिश से हुई तबाही से आप वाकिफ हैं। बाढ़ के कारण बुनियादी ढांचे को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ और लोगों की आजीविका प्रभावित हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां मुख्यमंत्री और राज्यपाल आरएन रवि की उपस्थिति में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और उनकी आधारशिला रखी।

स्टालिन ने कहा, आपदा बहुत गंभीर है। यह मत सोचिए कि मैं बार-बार यह मांग कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि लोगों की इच्छा बताना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोगों के करीब होने के कारण उन्हें शिक्षा, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सहायता प्रदान करने की जिम्मेदारी सिर्फ राज्य सरकारों की है।

स्टालिन ने कहा कि अनुरोध करना और इस तरह राज्य के अधिकारों पर जोर देना सिर्फ लोगों की मांग है, न कि राजनीतिक बयानबाजी। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे यकीन है कि प्रधानमंत्री इसे पूरा करेंगे। चेन्नई और इसके उपनगर दिसंबर की शुरुआत में 'चक्रवात मिगजॉम' से बुरी तरह से प्रभावित हुए जबकि राज्य के चार दक्षिणी जिलों में 17-18 दिसंबर को भीषण बारिश हुई जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। अन्य मुद्दों की बात करते हुए मुख्यमंत्री ने मोदी से मलेशिया और जापान के साथ तमिलनाडु के सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को देखते हुए, चेन्नई और पेनांग तथा चेन्नई और तोक्यो के बीच सीधी हवाई उड़ानें शुरू करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कदम उठाने का अनुरोध किया। उन्होंने तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया।

स्टालिन ने तिरुचिरापल्ली, चेन्नई, कोयंबटूर, मदुरै, वेल्लोर और तूतुक्कुडि में हवाई अड्डों के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए भी प्रधानमंत्री से समर्थन मांगा।

### तमिलनाडु के बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा है केंद्र : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में तमिलनाडु के तिरुनेलवेली और तुतूकुडी जैसे दक्षिणी जिलों में हुई भारी बारिश और बाढ़ का जिक्र करते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार संकट के इस समय राज्य के लोगों के साथ खड़ी है और राज्य सरकार को हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

मोदी ने तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन करने के बाद कहा कि 2023 के आखिरी कुछ सप्ताह तमिलनाडु में बड़ी संख्या में लोगों के लिये कठिन थे। भारी बारिश के कारण हमने अपने कई साथियों को खो दिया। संपत्ति का भी काफी नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा,मैं प्रभावित लोगों की स्थिति से बहुत प्रभावित हुआ। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार तमिलनाडु के लोगों के साथ खड़ी है। हम राज्य सरकार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रधानमंत्री से अपील की कि वह बाढ़ प्रभावित चेन्नई और दक्षिणी जिलों में राहत और बहाली कार्यों के लिए एनडीआरएफ से तुरंत पर्याप्त धनराशि जारी करें तथा तमिलनाडु की बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करें।

## मोदी ने डीएमडीके पूर्व प्रमुख विजयकांत की जमकर तारीफ की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) पार्टी के पूर्व अध्यक्ष विजयकांत की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह न केवल सिनेमा की दुनिया में, बल्कि राजनीति में भी 'कप्तान' थे।

मोदी ने यहां तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करने के बाद कहा, कुछ दिन पहले ही हमने तिरु.विजयकांत को खो दिया। वह न केवल सिनेमा की दुनिया में, बल्कि राजनीति में भी एक कप्तान थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री विजयकांत ने फिल्मों में अपने काम से लोगों का दिल जीता। एक राजनेता के रूप में उन्होंने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा, ''मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति भी संवेदना व्यक्त करता हूं। मुझे तमिलनाडु के एक और बेटे डॉ. एम.एस.स्वामीनाथन भी याद हैं। मोदी ने कहा, प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक ने हमारे देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमने उन्हें पिछले साल भी खो दिया था।

## विद्वान भारत की कहानी को दुनिया के सामने इस तरह प्रदर्शित कर रहे हैं : मोदी

**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और उसकी सभ्यता हमेशा ज्ञान पर केंद्रित रही है। मोदी ने यहां भारतीदासन विश्वविद्यालय (बीयू) में 38वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नालंदा और तक्षशिला जैसे कुछ प्राचीन विश्वविद्यालय प्रसिद्ध हैं। इसी तरह कांचीपुरम जैसे स्थानों में महान विश्वविद्यालयों का भी उल्लेख है। उन्होंने कहा, गंगईकोंडा चोलपुरम और मदुरै भी शिक्षा के महान केंद्र थे। उन्होंने कहा, 'दीक्षांत समारोह में आना मेरे लिए विशेष है, क्योंकि 2024 में यह मेरी पहली सार्वजनिक सभा है। बीयू ने एक मजबूत और परिपक्व नींव पर शुरुआत की है। इस परिपक्वता ने विश्वविद्यालय को कई क्षेत्रों में प्रभावशाली बना दिया है। चाहे वह मानविकी, भाषा, विज्ञान या यहां तक कि उपग्रह हो- बीयू एक अद्वितीय पहचान बनाता है।'

उन्होंने कहा, आप ऐसे समय में दुनिया में कदम रख रहे हैं, जब हर क्षेत्र में हर कोई आपकी ओर एक नई आशा के साथ देख रहा है। युवा यानी ऊर्जा, इसका अर्थ है गति, कौशल और पैमाने के साथ काम करने की क्षमता। पिछले कुछ वर्षों में हमने गति और पैमाने में आपकी बराबरी करने के लिए काम किया है, ताकि हम आपको लाभान्वित कर सकें। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हवाई अड्डों की संख्या 74 से दोगुनी होकर लगभग 150 हो गई है। तमिलनाडु में एक जीवंत समुद्र तट है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि भारत में प्रमुख बंदरगाहों की कुल कार्गो प्रबंधन क्षमता 2014 से दोगुनी हो गई है। मोदी ने कहा कि भारत ने महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्थाओं के साथ कई व्यापार समझौते भी किये हैं। उन्होंने कहा, सौदे हमारी वस्तुओं और सेवाओं के लिए नए बाजार खोलेंगे। वे हमारे युवाओं के लिए अनगिनत नए अवसर भी पैदा करते हैं। चाहे जी20 जैसे संस्थानों को मजबूत करना हो, जलवायु परिवर्तन से लड़ना हो या वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाना हो, हर वैश्विक समाधान के हिस्से के रूप में भारत का स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई मायनों में स्थानीय और वैश्विक कारकों के कारण भारत में युवा होने का यह सबसे अच्छा समय है। यह कहते हुए कि प्रत्येक स्नातक 2047 तक एक विकसित भारत बनाने में योगदान दे सकता है, उन्होंने कहा कि जो विज्ञान आप (छात्र) सीखते हैं वह आपके गांव के एक किसान की मदद कर सकता है, जो तकनीक आप सीखते हैं वह जटिल समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है। आप जो व्यवसाय प्रबंधन सीखते हैं, वह व्यवसाय चलाने में मदद कर सकता है और दूसरों के लिए आय वृद्धि सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने कहा, आप जो अर्थशास्त्र सीखते हैं, वह गरीबी को कम करने में मदद कर सकता है और एक तरह से यहां का प्रत्येक स्नातक 2047 तक एक विकसित भारत बनाने में योगदान दे सकता है। प्रसिद्ध कवि भारतीदासन के तमिल छंदों का हवाला देते हुए ( जिनके नाम पर विश्वविद्यालय का नाम पुथियाथोर उलगम सेइवोम रखा गया था) श्री मोदी ने कहा कि इसका मतलब एक बहादुर नयी दुनिया का निर्माण करना है, जो विश्वविद्यालय का आदर्श वाक्य भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा पहले से ही ऐसी दुनिया का निर्माण कर रहे हैं।



## कई रेल सेवाएँ हुई रद्द

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम मध्य रेलवे ने भोपाल संभाग के नसीराबाद में संत हिरदाराम नगर के बीच तीसरी लाइन के चालू होने के संबंध में निशातपुरा में प्री नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग के कारण ट्रेनों को रद्द करने की अधिसूचना जारी की है। ट्रेन नंबर 20973 फिरोजपुर छावनी-मंडपम सुपरफास्ट हमसफर एक्स. 13 जनवरी को 05.55 बजे फिरोजपुर छावनी से रवाना होने वाली ट्रेन पूरी तरह से रद्द है। वापसी में ट्रेन नंबर 20974 मंडपम-फिरोजपुर छावनी सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस 16 जनवरी को 23.10 बजे मंडपम से छूटने वाली रद्द कर दी गई है।

13 जनवरी को सुबह 06.35 बजे कोचुवेली से छूटने वाली ट्रेन संख्या 22646 कोचुवेली-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस पूरी तरह से रद्द कर दी गई है वहीं वापसी में 15 जनवरी को 16.45 बजे इंदौर से छूटने वाली ट्रेन संख्या 22645 इंदौर-कोचुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। ट्रेन नंबर 22674 मन्नारगुडी - भगत की कोठी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 08 जनवरी को 13.15 बजे मन्नारगुडी से छूटने वाली पूरी तरह से रद्द है। वहीं वापसी में जाने वाली 11 जनवरी को 16.10 बजे भगत की कोठी से छूटने वाली ट्रेन संख्या 22673 भगत की कोठी-मन्नारगुडी सुपरफास्ट एक्सप्रेस पूरी तरह से रद्द किया गया है।

## विश्वविद्यालयों का उद्देश्य सामाजिक न्याय, नवाचार को विकसित करना होना चाहिए : मुख्यमंत्री स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुचिरापल्ली।** विश्वविद्यालयों का उद्देश्य सामाजिक न्याय और नवाचार को विकसित करना होना चाहिए और केवल ऐसे विश्वविद्यालयों का भविष्य उज्ज्वल है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मंगलवार को यह बात कही। यहां भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी ओर से राज्य सरकार ने एक मंच बनाया है: 'नान मुधलवन'।

इस योजना का लक्ष्य तमिलनाडु के छात्रों को शिक्षा और जीवन में सफल बनाना है। दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल आर.एन. रवि भी शामिल हुए। उन्होंने कहा, मेरी महत्वाकांक्षी परियोजना नान मुधलवन थित्तम ने दो वर्षों में 29 लाख छात्रों और 32,000 शिक्षकों को कौशल प्रदान करना सुनिश्चित किया है। एक वर्ष में 1.45 लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए गए। उन्होंने कहा कि एक अन्य महत्वपूर्ण कारक जिसने शिक्षा, विशेष रूप से गरीब छात्रों के लिए व्यावसायिक शिक्षा को आसान बनाया, वह राज्य सरकार के स्कूलों के छात्रों के लिए 7.5 आरक्षण था। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के सरकारी स्कूलों के लगभग 28,749 छात्रों के लिए लगातार तीन शैक्षणिक वर्षों में इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कृषि, मत्स्य पालन और पशुपालन में पाठ्यक्रम करने का मार्ग प्रशस्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार ने उन छात्रों की शिक्षा, छात्रावास और परिवहन शुल्क पर 482 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह सब छात्रों की शक्ति को अगले स्तर पर ले जाने के सरकार के प्रयासों को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य है और शिक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए सक्रिय उपायों के कारण पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रमों में छात्रों के प्रवेश के मामले में भी यह देश के राज्यों में अग्रणी है। इससे पहले यहां पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने वाले स्टालिन ने कहा कि उच्च शिक्षा के मामले में राज्य भारत में सर्वश्रेष्ठ है और 'जस्टिस पार्टी' के शासन के दौरान शिक्षा के लिए बोए गए बीजों के कारण कई विश्वविद्यालय शीर्ष सूची में हैं।

स्टालिन ने कहा, शासन के द्रविड़ मॉडल का सामाजिक न्याय लक्ष्य सभी के लिए शिक्षा, कॉलेजिएट शिक्षा और अनुसंधान (सुलभ) सुनिश्चित करना है।







## आंध्र में 6.47 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने 'वैकुंठ द्वार दर्शन' किए

**तिरुमला।** तिरुमला तिरुपति देशवथनम (टीटीडी) के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) ए वी धर्म रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि 23 दिसंबर से एक जनवरी के बीच 6.47 लाख भक्तों ने 'वैकुंठ द्वार दर्शन' किये हैं। यहां अन्नामैया भवन में एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि भक्तों को कतार में लंबे समय तक इंतजार करने से बचने के लिए समय स्लॉट टोकन के माध्यम से आरामदायक और परेशानी मुक्त श्रीवारी दर्शन प्रदान किया गया था। उन्होंने कहा कि इस दौरान सामान्य से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने अन्न प्रसाद ग्रहण किया। पिछले 10 दिनों में 19,255 वीआईपी ब्रेक प्रोटोकॉल टिकट जारी किए गए, लेकिन केवल 18,578 ही उपस्थित हुए। इसी प्रकार दानदाताओं द्वारा 6858 टिकट ऑनलाइन बुक किए गए थे, जिनमें से 6388 उपस्थित थे और 470 (7%) अनुपस्थित थे। उन्होंने कहा कि श्रीवाणी ट्रस्ट के दानदाताओं को 20,000 टिकट जारी किए गए थे, जिनमें से 917 (4.5%) नहीं आए। कुल 2.25 लाख रुपये के 300 विशेष प्रवेश दर्शन टिकट ऑनलाइन जारी किए गए, जिनमें से 1,97,254 ने लाभ उठाया, जबकि 27,476 (12.2%) अनुपस्थित रहे। रेड्डी ने कहा कि लगभग 4,23,500 टाइम स्लॉट सर्व दर्शन टोकन जारी किए गए।





# मुख्यमंत्री शर्मा 'मॉर्निंग वॉक' पर निकले, सिटी पार्क में लोगों से मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को सुबह मानसरोवर इलाके के सिटी पार्क में सैर पर निकले और वहां घूम रहे लोगों से संवाद किया। राजस्थान में इन दिनों कड़ाके की सर्दी और कोहरे का दौर जारी है। एक प्रवक्ता ने बताया कि घने कोहरे के बीच शर्मा सुबह जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में सैर पर निकले।

उन्होंने इस दौरान लोगों से संवाद भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान के संकल्प को साकार करने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का संदेश दिया।

सुबह घूमने निकले अनेक लोग शर्मा के साथ कदमताल करते नजर आए। अनेक लोगों ने उनके साथ फोटो भी ली। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि नववर्ष की सुबह प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में भी फिट रहने का संदेश दिया था, इसलिए हर व्यक्ति को 'शारीरिक गतिविधियों' को बढ़ावा देना चाहिए।

## निविदाएं जारी करने में कथित अनियमितताओं को लेकर पूर्व मंत्री के खिलाफ मामला दर्ज

कोटा। राजस्थान के पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया और अंता नगर पालिका अध्यक्ष मुस्तफा खान पर अवैध रूप से निविदाएं मंजूर करने के आरोप में सोमवार को मामला दर्ज किया गया। प्रमोद जैन भाया और मुस्तफा खान पर आरोप है कि उन्होंने पिछले साल सितंबर में राज्य विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद निविदाएं जारी करने में नियमों का उल्लंघन किया। इन दोनों पर बारां जिले में धोखाधड़ी, जालसाजी और अन्य आरोपों के लिए मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) ओमेंद्र सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अंता शहर इकाई के अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भाया के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## अस्थायी आधार पर कार्यरत 735 चिकित्सकों की सेवा अवधि बढ़ाई

जयपुर। राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक अस्थायी आधार (यूटीबी) पर कार्यरत 735 चिकित्सकों की सेवा अवधि छह माह के लिए बढ़ा दी है। जन स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि जिन 357 चिकित्सा अधिकारियों की सेवा अवधि 31 दिसम्बर 2023 को समाप्त हो रही थी, उनकी सेवा अवधि में छह माह की वृद्धि की गई है।

## राजस्थान में वैकल्पिक रूट से रोडवेज बसें चलाने के निर्देश

जयपुर। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड(रोडवेज) के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने मंगलवार को सभी मुख्य प्रबंधकों से राष्ट्रीय राजमार्ग जाम और प्रदर्शन के कारण बाधित रूट का फीडबैक लिया। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के नये कानून में हिट एंड रन के मामलों में सख्त सजा के प्रावधानों के खिलाफ ट्रक एवं निजी बस चालकों की हड़ताल के कारण कई जगह 'चक्का जाम' जैसी स्थिति सामने आई है। बयान के अनुसार डिडेल ने बसों के संचालन की लगातार निगरानी कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संचालन को अनवरत रूप से जारी रखने के निर्देश दिए। निगम की कार्यकारी निदेशक (यातायात) अनीता मीना ने बताया कि प्रदेश में जाम और प्रदर्शन की वजह से अजमेर, अलवर-राजगढ़, उदयपुर-मंगलवाड, बेगू-गोपालपुरा, डूंगरपुर-सागवाड़ा, भरतपुर-लोहागढ, राजसमंद, प्रतापगढ बस स्टैंड समेत कुछ जगह जाम के चलते बसों के संचालन में देरी का सामना करना पड़ा।



# जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाएगा : बैरवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। दूदू जिले की पंचायत समिति फागी की ग्राम पंचायत लदाना व पंचायत समिति मौजमाबाद की ग्राम पंचायत बिचुन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का मंगलवार को उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने शिविर में विभिन्न स्टालों का निरीक्षण करते हुए लाभार्थियों से संवाद किया।साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस कनैक्शन व प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरीत करते हुए अन्य स्टालों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत की संकल्प दिलाई। साथ ही उत्कृष्ठ कार्य करने वाले छात्रछात्राओं को प्रशस्ती पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय लदाना में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने आश्वासन दिया की मिशन रूप में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए गांव व ढाणी के अंतिम व्यक्ति तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा की जो व्यक्ति पिछड़ गया है उसे समाज की मुख्य धारा से जोड़ना हम सबका कर्तव्य है।

विधानसभा चुनावों में भारी मतों से विजयी बनाने तथा समर्थन के लिए उन्होंने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को जिले की देवतुल्य जनता की सेवा करने के लिए कहा तथा आमजन को समय पर सभी योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कहीं। लदाना शिविर के बाद उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने खेड़ापति बालाजी माधोराजपुरा में पाटोत्सव कार्यक्रम व मेंदवास में सत्तर गांवों की रामधुनी कार्यक्रम में भाग लिया।

ग्राम पंचायत बिचुन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा की यात्रा के माध्यम से सरकार की जनकल्यणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जिससे कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल पाए।

# केकड़ी में आंदोलनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया, एक वाहन जलाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्र सरकार के नये कानून में हिट एंड रन के मामलों में सख्त सजा के प्रावधानों के खिलाफ ट्रक एवं निजी बस चालकों की हड़ताल के दौरान राजस्थान के केकड़ी में हिंसक भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया और उनके एक वाहन को आग के हवाले कर दिया । इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये हैं। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। राज्य में कई ट्रक चालक इस हड़ताल में शामिल हो गए हैं और काम नहीं कर रहे हैं। हालांकि, कुछ जगहों को छोड़कर राज्य में मंगलवार को जाम की कोई खबर नहीं है।

दूसरी ओर, हड़ताल से ईंधन आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका से पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। केकड़ी जिले के बांदनवाड़ा इलाके में सोमवार रात पुलिस को ट्रक चालकों और स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा।

केकड़ी के पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया, पुलिस दल अजमेर-भीलवाड़ा राजमार्ग पर बांदनवाड़ा टोल नाके के पास लगे जाम को खुलवाने के लिये गया था। पुलिसवालों को देख भीड़ ने पुलिस दल पर पथराव किया जिसमें सरवाड़ और केकड़ी (शहर) थानाधिकारी समेत तीन पुलिसकर्मी चोटिल हो गये। भीड़ ने केकड़ी शहर थाने के एक वाहन में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 15-20 नामजद और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

केकड़ी के वृत्ताधिकारी संजय सिंह ने बताया कि इलाके में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, और सड़क पर जाम खुलवा दिया गया है। जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश जैन ने कहा कि कानून के विरोध में करीब 80 फीसदी ट्रक चालकों ने काम का बहिष्कार किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि राजमार्ग पर ट्रैफिक जाम की कोई रिपोर्ट नहीं है। जैन ने बताया, ट्रक चालक काम नहीं कर रहे हैं और वे हड़ताल में भाग ले रहे हैं जिससे माल की ढुलाई प्रभावित हुई है। ट्रांसपोर्टर भी चालकों के साथ खड़े हैं।

उन्होंने कहा, हम सरकार से कानून के उन प्रावधानों की समीक्षा करने की मांग करते हैं जो कठोर हैं और उन्हें पूरा करना व्यावहारिक नहीं है। इस बीच, लोग इस डर से पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल लेने के लिए लाइन में खड़े हैं कि हड़ताल के कारण कहीं पंपों पर ईंधन की किल्लत न हो जाये । पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि ट्रक चालकों की हड़ताल के कारण राज्य में आपूर्ति करीब 20 फीसदी प्रभावित हुई है।

वहीं राजस्थान रोडवेज वर्कर्स यूनियन (सीटू) ने प्रस्तावित कानून के खिलाफ तीन जनवरी को प्रदर्शन करने की घोषणा की है। संगठन के एक बयान के अनुसार यह चालक विरोधी कानून है। भारतीय दंड विधान की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संहिता में ऐसे चालकों के लिए 10 साल तक की सजा का प्रावधान है जो लापरवाही से गाड़ी चलाकर भीषण सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद पुलिस या प्रशासन के किसी अफसर को दुर्घटना की सूचना दिए बगैर मौके से फरार हो जाते हैं।

## शुरुआत




जयपुर में मंगलवार को सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी, जयपुर द्वारा चलाएं जा रहे तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान की आज उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा से शुरुआत की।

# 'राजस्थान के अधिकतर हिस्से कड़ाके की सर्दी और कोहरे की चपेट में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और मंगलवार की सुबह की शुरुआत भी घने कोहरे के साथ हुई। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी जयपुर सहित राज्य के अनेक हिस्सों में घना कोहरा छाया हुआ है।

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, मंगलवार को सुबह भी राज्य के कुछ भागों में घने से अति घना कोहरा छाया रहा। राजधानी जयपुर के हवाई अड्डे पर आज एक बार फिर दृश्यता (विजिबिलिटी) 50 मीटर दर्ज की गई।

बीते चौबीस घंटे में राज्य के कुछ भागों में शीत दिन जबकि अलवर, बीकानेर, गंगानगर और हनुमानगढ़ में 'अति शीत दिन' दर्ज किया गया। बीती रात न्यूनतम तापमान सीकर में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं फलोदी में यह 4.8 डिग्री, करौली में 5.2 डिग्री, जैसलमेर में 5.4 डिग्री, पिलानी में 5.7 डिग्री, सिरोही में 6.0 डिग्री, धौलपुर में 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस रहा। संगरिया और गंगानगर में दिन का अधिकतम तापमान क्रमश: 11.5 डिग्री व 11 डिग्री सेल्सियस रहा। कड़ाके की सर्दी का असर सामान्य जनजीवन पर पड़ा है। अनेक जगह लोग अलाव जला कर सर्दी से बचने की कोशिश करते नजर आए। घने कोहरे के कारण राजमार्गों व अन्य प्रमुख मार्गों पर वाहन धीमी गति से चलते दिखे। मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य में सर्दी का यह दौर अभी जारी रहने का अनुमान है।

# कांग्रेस ने राजस्थान के मंत्री के कार्यालय से गांधी, अंबेडकर की तस्वीरें गायब होने का मुद्दा उठाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान कांग्रेस ने राज्य के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के कक्ष से महात्मा गांधी और बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीरें गायब होने पर सवाल उठाया है। अब तक भाजपा के सभी सीएम और मंत्री अपने चैंबर में महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर की तस्वीरें लगाते रहे हैं। राजस्थान कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर (हिंदी में) पोस्ट किया: संविधान की शपथ लेकर मंत्री बने... लेकिन कुर्सी पर बैठते ही संविधान निर्माता को हटाकर आरएसएस संस्थापक को ले आए। भाजपा सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत ने पदभार ग्रहण करते ही बाबा साहेब अंबेडकर जी और महात्मा गांधी जी की तस्वीर हटा दीं।''हालांकि, मंत्री अविनाश गहलोत ने सफाई देते हुए कहा, आज पहला दिन था। चैंबर तैयार हो रहा था। शुभ मुहुर्त के अनुसार समय का संकट था। सभी महापुरुषों की तस्वीरें दिख रही हैं। आगे सभी महान लोगों की तस्वीरें हैं। महात्मा गांधी, अंबेडकर, कलाम सहित अन्य लोगों को रखा जाएगा। अभी भी बहुत काम करना बाकी है। हम महापुरुषों का पूरा सम्मान करते हैं।'' गहलोत ने नये साल पर सचिवालय के मंत्रालय भवन में अपने कक्ष में पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के बाद पदभार ग्रहण किया। कक्ष में उनकी कुर्सी के पीछे लगी तस्वीरों में महात्मा गांधी और संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की कोई तस्वीर नहीं है। आरएसएस के संस्थापक और पहले सरसंघचालक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की तस्वीरें लगाई गई हैं।

मंत्री गहलोत के चैंबर में उनकी कुर्सी के पीछे सात तस्वीरें लगाई गई हैं। हेडगेवार और गोलवलकर के बीच भारत माता की तस्वीर रखी गई है। इनके नीचे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तस्वीरें हैं। पिछले भाजपा शासनकाल में मंत्री राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अलावा महात्मा गांधी और अंबेडकर की भी तस्वीरें लगाते थे। सरकारी दफ्तरों में हेडगेवार और गोलवलकर की तस्वीरें कम ही देखने को मिलती थीं।




# हर व्यक्ति ले विकसित भारत का संकल्प, जरूरतमंदों तक पहुंचे लाभ : सहारण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चूरू। चूरू विधायक हरलाल सहारण एवं जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित दादाबाड़ी कैम्पस में विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रचार रथ पहुंचने पर फीता काटकर कार्यक्रम के शहरी अभियान का शुभारम्भ किया। इस दौरान चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि गांवों के साथ शहरी क्षेत्र में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू होने से शहरवासियों को भी केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। आमजन, पार्षदों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से हमारा प्रयास रहेगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं में वंचित न रहे तथा अनिवार्य रूप से प्रत्येक व्यक्ति बीमा से लाभान्वित हो। सहारण ने कहा कि हम पीएम नरेन्द्र मोदी के संदेश विकसित भारत के लिए संकल्पबद्ध हैं। केन्द्र सरकार की योजनाएं नगरीय विकास और शहरवासियों के लिए कल्याणकारी साबित होंगी। सभी को यह कोशिश करनी चाहिए कि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और प्रत्येक पात्र व्यक्ति का पंजीकरण सुनिश्चित हो। जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आमजन से अधिकाधिक संख्या में भागीदारी निभाने की अपील की तथा उपस्थित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों को विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वासुदेव चावला ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से देश के गरीब व वंचित वर्ग को सामाजिक सुरक्षा मिली है।

# साहू ने हैकाथॉन 1.0 का 'लोगो' किया जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य के पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने मंगलवार को यहां राजस्थान पुलिस हैकाथॉन 1.0 के लोगो एवं राजस्थान पुलिस साइबर क्राइम अवेयरनेस मिशन को लाँच किया। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस साइबर वॉलिंटियर पोर्टल को लॉन्च किया गया गया। साथ ही तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों से साइबर सिक्योरिटी के संबंध में एमओयू भी सम्पादित किए गए। कर्टेन रेजर को संबोधित करते हुए साहू ने बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए आमजन में साइबर सुरक्षा के प्रति विशेष जनचेतना जागृत करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही साइबर अपराधों की रोकथाम की जा सकती है। उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस द्वारा आगामी 17 एवं 18 जनवरी को स्थानीय राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित की जाने वाली हैकाथॉन में आमजन की भागीदारी को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सामान्य अपराधों के अनुसंधान में भी साइबर की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है।

कर्टेन रेजर के दौरान एमएनआईटी, वी के लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय, पोद्दार कॉलेज, विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय तथा ग्लोबल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी समूह के साथ पुलिस अधीक्षक साइबर सुरक्षा सुधीर चौधरी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आम लोगों को साइबर स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण कराने के लिए प्रारम्भ किये जा रहे वेब पोर्टल को लॉन्च किया गया।

पुलिस महानिदेशक (साइबर सुरक्षा) डॉ रवि प्रकाश मेहरडा ने आगामी हैकाथॉन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हैकाथॉन में उन्नत प्रौद्योगिकियों और साइबर अपराध रोकथाम, महिला और बाल सुरक्षा एवं प्रौद्योगिकी स्टार्टअप पर स्पीकर सीरीज का आयोजन किया जाएगा। हैकाथॉन से पूर्व 16 जनवरी को सायं स्थानीय अमर जवान ज्योति पर जयपुर में पहली बार ड्रोन प्रदर्शन किया जाएगा।

# 'भेल सदन' का हुआ उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** नई दिल्ली में केंद्रीय भरी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने बीएचईएल दिवस के अवसर पर नवनिर्मित बीएचईएल सदन का उद्घाटन, विद्युत् एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर की उपस्थिति में किया।

इस अवसर पर कामरान रिज़वी, सचिव – भारी उद्योग मंत्रालय; विजय मित्तल, संयुक्त सचिव – भारी उद्योग मंत्रालय; के. सदाशिव मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बीएचईएल; निदेशकगण एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस मौके पर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री पांडेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह 18 मंज़िल भवन अत्याधुनिक तकनीक एवं मानकों के अनुरूप निर्मित एक ईको–फ्रेंडली ग्रीन बिल्डिंग है जो पर्यावरण संरक्षण के लिए बीएचईएल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री 2070 तक नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने पर विशेष बल दे रहे हैं। यह बड़ी खुशी की बात है कि यह भवन 30केडब्ल्यू के सोलर पावर सिस्टम से युक्त है और बीएचईएल की हरित ऊर्जा की दिशा में और आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बीएचईएल की स्थापना देश को बिजली की बड़ी मशीनें बनाने में आत्मनिर्भर बनाने के लिए की गई थी। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि आज बीएचईएल राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए भारत की अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। यह अपने विद्युत एवं अन्य सेक्टर्स के अलावा भारतीय रक्षा बलों के लिए भी महत्वपूर्ण उपकरणों और हथियारों की आपूर्ति कर रहा है। बीएचईएल भारतीय नौसेना के लिए उन्नत एसआरजीएम गन्स की आपूर्ति कर रहा है जो कि युद्धक जहाजों के लिए अग्रिम पंक्ति के हथियार हैं।

इसरो के सफल चंद्रयान 3 मिशन में भी बीएचईएल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बीएचईएल ने इसके लिए बैटरियों और टाइटेनियम प्रोपेलेंट टैंकों की आपूर्ति की है। देखा जाए तो बीएचईएल न केवल ऊर्जा और इनफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयासरत है बल्कि यह रक्षा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि 2000 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाला नया भवन, दिल्ली–एनसीआर स्थित सभी कार्यालयों को एक ही कार्यालय से काम करने की सुविधा प्रदान करेगा और इसके परिणामस्वरूप बेहतर समन्वय और बेहतर प्रदर्शन होगा।




## बिहार में निजी कोचिंग सेंटरों में पढ़ाने वाले सरकारी शिक्षकों पर होगी सख्त कार्रवाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार शिक्षा विभाग ने निजी कोचिंग संस्थानों में कक्षाएं लेने वाले सरकारी स्कूल के शिक्षकों पर शिकंजा कसते हुए इस प्रथा में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया है।

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने एक जनवरी, 2024 को राज्य भर के जिलाधिकारियों (डीएम) को लिखे पत्र में, उन्हें अपने संबंधित क्षेत्रों में सभी निजी कोचिंग संस्थानों में कक्षाएं लेने वाले सरकारी स्कूल के शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। पाठक ने अपने पत्र में कहा, विभाग को शिकायतें मिल रही हैं कि कुछ सरकारी स्कूल शिक्षक अपने संबंधित क्षेत्रों में निजी कोचिंग संस्थानों में कक्षाएं ले रहे हैं। पत्र में कहा गया है, इस प्रथा पर तुरंत रोक लगाने की जरूरत है।

शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि इसके बाद भी, यदि कोई शिक्षक इस तरह की प्रथा में लिप्त पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी और (ऐसी) गलती करने वाले निजी कोचिंग संस्थानों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

विभाग ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर ऐसे शिक्षकों का ब्योरा मुख्यालय को उपलब्ध कराने के लिए कहा है।



## ओडिशा में बस-ट्रक की टक्कर, तीन की मौत, 20 जख्मी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के कटक जिले में एक बस और ट्रक की आमने सामने की टक्कर में मंगलवार को कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 20 लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दुर्घटना में तीन लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के निकटतम परिजनों को तीन–तीन लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हादसा कटक चांदबाली रोड पर सुबह निश्चिंतकोइली ब्लॉक में कटारापाड़ा के पास सुबह करीब साढ़े सात बजे तब हुआ जब बस की टक्कर ट्रक से हो गई। बस में 60 सवारियां सवार थी।

कटक के कलेक्टर एन सेठी ने कहा, दोनों गाड़ियों के चालक और एक सवारी की हादसे में मौत हो गई। दो मृतक केंद्रपाड़ा जिले के हैं जबकि ट्रक चालक की पहचान नहीं हो सकी है। ट्रक राजस्थान का है।

दमकल केंद्रों और पुलिस कर्मियों की टीम मौके पर पहुंचीं और क्षतिग्रस्त बस के अंदर फंसी सवारियों को बाहर निकाला।

एक अधिकारी ने बताया कि घायल यात्रियों को निश्चिंतकोइली अस्पताल में भर्ती कराया गया, और गंभीर रूप से जख्मी हुए 11 लोगों को एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कटक में स्थानांतरित कर दिया गया है।

कलेक्टर ने कहा कि मामूली रूप से घायल हुए कई यात्रियों को निश्चिंतकोइली अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि तीन लोग अब भी निगरानी में हैं।

एक यात्री अर्चना बारिक ने कहा, घने कोहरे और कम दृश्यता के बावजूद, बस तेज़ गति से जा रही थी। मैं और मेरी बहन चालक की सीट के पास थे। मेरी बहन बस के अंदर फंस गई थी और जब उसे एससीबी मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था तो उसकी मौत हो गई।

परिवहन आयुक्त अमिताभ ठाकुर ने पत्रकारों को बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि हादसा घने कोहरे के कारण हुआ।

## सुरक्षा बलों पर हमले में भाड़े के विदेशी लड़ाकों की संलिप्तता की आशंका : सिंह




**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने मंगलवार को दावा किया कि मोरेह शहर में सुरक्षा बलों पर हुए हमले में म्यांमा से आए भाड़े के विदेशी लड़ाकों के शामिल होने की आशंका है। यहां क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस) में उपचार करा रहे घायल सुरक्षा कर्मियों से मिलने के बाद सिंह ने कहा कि आतंकवादी ''अत्याधुनिक हथियारों का उपयोग कर रहे हैं'' और सरकार उनका माकूल जवाब दे रही है।

सिंह ने कहा, तलाश एवं घेराबंदी का अभियान जारी है और अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे जा रहे हैं। हमें म्यांमा की तरफ से आए भाड़े के विदेशी लड़ाकों के इसमें शामिल होने का संदेह है... हम इस तरह की आतंकवादी गतिविधियों के जवाब में आवश्यक कदम उठाएंगे। राज्य सरकार ''केंद्र के साथ संपर्क में है और राज्य एवं केंद्रीय सुरक्षा बल संयुक्त रूप से अभियान चला रहे हैं। सोमवार को उग्रवादियों एवं सुरक्षा कर्मियों के बीच हुई गोलीबारी के दौरान घायल हुए चार पुलिसकर्मियों और बीएसएफ के कांस्टेबल को बेहतर उपचार के लिए विमान से मोरेह शहर से राज्य की राजधानी लाया गया है। मोरेह शहर भारत–म्यांमा सीमा के निकट स्थित है और यहां पिछले साल 30 दिसंबर से सुरक्षा बलों एवं उग्रवादियों के बीच गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं।

## ईडी, आईटी और सीबीआई को विपक्ष के खिलाफ अति सक्रिय रहने को कहा गया है : राजद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल ने मंगलवार को दावा किया कि उसके पास ''विश्वसनीय जानकारी'' है कि केंद्र ने ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग को राम मंदिर उद्घाटन तक भाजपा विरोधी नेताओं के खिलाफ ''अति सक्रिय'' रहने को कहा है। राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा पर देश को पुलिसिया राज्य में बदलने का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया।

झा ने कहा, इन एजेंसियों में विभिन्न स्तरों पर कुछ कर्तव्यनिष्ठ लोग हैं, जो लोग भाजपा के हाथों में राजनीतिक हथियार बनने के फरमान से खुश नहीं हैं। उन्हें 22 जनवरी जब मीडिया का ध्यान अयोध्या की ओर स्थानांतरित हो जाएगा, तक विपक्षी नेताओं के पीछे सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने दावा किया, इस अवधि के दौरान, इन एजेंसियों को बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, दिल्ली, पंजाब, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में विशेष रूप से सक्रिय रहने के लिए कहा गया है। जो प्रमुख विपक्षी नेता निशाने पर होंगे उनमें तेजस्वी यादव, अभिषेक बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, हेमंत सोरेन और एमके स्टालिन और उनके सहयोगी शामिल हैं।

झा का आरोप राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को ईडी द्वारा जारी किए गए समन की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें उन्हें उनके पिता और पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद के रेल मंत्रित्वकाल से संबंधित नौकरियों के लिए भूमि घोटाले में पांच जनवरी को दिल्ली में पेश होने के लिए कहा गया है। राजद सांसद ने कहा, हम ऐसी हरकतों से डरने वाले नहीं हैं. हालांकि यह भाजपा ही है जो राजनीतिक विद्वेष के तहत अपने विरोधियों के साथ इस तरह के हथकंडे का इस्तेमाल करती रही है। 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में उसे करारी हार मिली थी और अगले लोकसभा चुनाव में भी उसे इसी तरह के अपमान का सामना करना पड़ेगा।

झा ने अयोध्या में मंदिर निर्माण को राजनीतिक रूप से भुनाने की कोशिश के लिए भाजपा की आलोचना करते हुए कहा, वे राम के नहीं बल्कि नाथूराम (गांधी के हत्यारे) के अनुयाई हैं। दूसरी ओर, हम महात्मा गांधी के अनुयाई हैं, जो राम के एक सच्चे भक्त थे और जब उन्हें गोलियां लगीं, जिससे उनकी जान चली गई, तब भी उनके होठों पर भगवान का नाम था। उन्होंने आरोप लगाया कि 22 जनवरी तक की अवधि के दौरान, आप तीनों एजेंसियों को एक साथ काम करते हुए, फ़ाइलें साझा करते हुए देखेंगे जो उनके राजनीतिक आकाओं द्वारा उन्हें सौंपी जाएंगी।

## संसद सुरक्षा चूक का मामला: आरोपियों से दूसरी बार आमने-सामने पूछताछ की गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** संसद में 13 दिसंबर को हुई सुरक्षा चूक के मामले में गिरफ्तार छह आरोपियों से दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने दूसरी बार आमने–सामने पूछताछ की। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम आजाद, अमोल शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत पांच जनवरी तक पुलिस हिरासत में हैं। उन्होंने कहा कि घटना के वास्तविक मकसद के बारे में उनसे पूछताछ की गई है।

पुलिस सूत्र के मुताबिक, नीलम और मनोरंजन को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित विशेष प्रकोष्ठ की 'काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट' के कार्यालय में, तथा अन्य चार को विशेष प्रकोष्ठ की विभिन्न इकाइयों में रखा गया है।

आरोपियों से विशेष प्रकोष्ठ की अलग–अलग टीम पूछताछ कर रही हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 30 और 31 दिसंबर को उन्हें आमने–सामने पूछताछ के लिए 'काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट' के कार्यालय में लाया गया था। जांचकर्ता घटना के क्रम और प्रत्येक आरोपी की भूमिका की पुष्टि करना चाहते थे। इससे पहले, आरोपियों से 20 दिसंबर को आमने–सामने पूछताछ की गई थी।

## झारखंड में कांग्रेस की संभावनाएं बेहतर हैं : गुलाम अहमद मीर



**रांची/भाषा।** कांग्रेस की झारखंड इकाई के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मंगलवार को कहा कि राज्य में पार्टी की संभावनाएं बेहतर हैं। रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर मीर ने कहा, झारखंड की अपनी इस यात्रा के दौरान मेरी प्राथमिकता पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रतिक्रियाएं लेना और उनसे बात करना होगी। इसके बाद हम भविष्य की कार्रवाई पर फैसला करेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव दो दिन की झारखंड यात्रा पर हैं, जहां वह जिला अध्यक्षों एवं अन्य नेताओं सहित राज्य के शीर्ष पार्टी नेताओं के साथ कई दौर की बैठकें करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर मीर ने कहा कि वह पहले पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और अगर जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे। उन्होंने कहा, झारखंड में कांग्रेस की संभावनाएं बहुत बेहतर हैं। कांग्रेस की झारखंड इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्य कैबिनेट मंत्रियों बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने हवाई हड्डे पर मीर का गर्मजोशी से स्वागत किया। पार्टी प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि वह मंगलवार शाम को कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्षों और प्रभारियों से मुलाकात करेंगे।

## सीबीआई ने सबूतों के अभाव में आईपीएल सट्टेबाजी से जुड़े दो मामले बंद किए

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 2019 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कथित फिक्सिंग से जुड़े दो मामलों को सबूतों के अभाव में बंद कर दिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने यह जानकारी मिलने के बाद मई 2022 में सात लोगों के खिलाफ दो प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की थी कि 'क्रिकेट सट्टेबाजी में शामिल व्यक्तियों का एक नेटवर्क पाकिस्तान से मिल रहे 'इनपुट' के आधार पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों के नतीजों को प्रभावित कर रहा है। सीबीआई ने पहली एफआईआर दिल्ली के रोहिणी स्थित दिलीप कुमार तथा हैदराबाद के रहने वाले गुर्रम वासु और गुर्रम सतीश के खिलाफ दर्ज की थी। दूसरी एफआईआर में राजस्थान के सज्जन सिंह, प्रभु लाल मीणा, राम अवतार और अमित कुमार शर्मा को आरोपी के रूप में नामित किया गया था।

## अब सत्ता में बैठे लोगों के लिए धर्मनिरपेक्षता की कोई कीमत नहीं रह गई है: सोनिया गांधी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** धर्मनिरपेक्षता को भारत के लोकतंत्र का मूलभूत स्तंभ बताते हुए कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इस बात पर अफसोस जाहिर किया अब जो लोग सत्ता में बैठे हैं उनके लिए धर्मनिरपेक्ष शब्द की कोई कीमत नहीं रह गई है, जिसके परिणामस्वरूप समाज में ध्रुवीकरण बढ़ रहा है।

गांधी ने 'मनोरमा इयरबुक 2024' में हस्ताक्षरित लेख में लिखा, वे कहते हैं कि वे 'लोकतंत्र' के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए सुरक्षात्मक उपायों को भी कमजोर किया है। हमारे राष्ट्र को सद्भाव की ओर ले जाने वाली रेल की पटरियां क्षतिग्रस्त हो रही हैं और इसका परिणाम समाज में बढ़ते ध्रुवीकरण के रूप में देखा जा रहा है। लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं – एक ट्रैक पर दो रेल पटरियों की तरह, जो मौजूदा सरकार का एक आदर्श सामंजस्यपूर्ण समाज की ओर मार्गदर्शन करते हैं।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा, हम सभी इन शब्दों से परिचित हैं, जिनसे हमारा सामना बहसों, भाषणों, नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तकों और संविधान की प्रस्तावना में होता है। यह जानने के बावजूद, इन अवधारणाओं के पीछे के गहरे अर्थ अक्सर अस्पष्ट होते हैं। इन शब्दावलियों की स्पष्ट समझ प्रत्येक नागरिक को भारत के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य के रास्ते को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी। गांधी ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या कई तरीकों से की जा सकती है, लेकिन भारत के लिए सबसे प्रासंगिक अर्थ वह है जो महात्मा गांधी ने अपने प्रसिद्ध शब्द 'सर्व धर्म सम भाव' में निर्धारित किया था।

यहां मलयाला मनोरमा द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में उन्हें उद्धृत करते हुए कहा गया, गांधीजी सभी धर्मों की आवश्यक एकता को महसूस करते थे। जवाहरलाल नेहरू इस बात के प्रति गहन रूप से सचेत थे कि भारत एक बहु–धार्मिक समाज है, इसलिए वे एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की स्थापना के लिए लगातार प्रयास करते रहे।

## ट्रक चालक अर्थव्यवस्था की रीढ़, नए कानूनी प्रावधानों के घातक परिणाम: राहुल



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोटर चालकों से जुड़े 'हिट–एंड–रन' सड़क दुर्घटना मामलों के संबंध में नए दंड कानून के प्रावधानों को लेकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और ट्रक चालकों को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ करार देते हुए कहा कि इसके परिणाम घातक हो सकते हैं। देश भर के ट्रक चालकों ने नए दंड कानून के प्रावधानों के खिलाफ अलग–अलग राज्यों में विरोध– प्रदर्शन किया।

राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सीमित कमाई वाले इस मेहनती वर्ग को कठोर कानूनी भट्टी में झोंकना उनकी रोजीरोटी को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। और साथ ही, इस कानून का दुरुपयोग संगठित भ्रष्टाचार के साथ 'वसूली तंत्र' को बढ़ावा दे सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभावित वर्ग से चर्चा के बिना और बिना विपक्ष से संवाद किए कानून बनाने की ज़िद 'लोकतंत्र की आत्मा' पर निरंतर प्रहार है। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, जब 150 से अधिक सांसद निलंबित थे, तब संसद में 'शहंशाह' ने भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, ड्राइवर्स के विरुद्ध एक ऐसा कानून बनाया जिसके परिणाम घातक हो सकते हैं।

## मणिपुर हिंसा: प्रियंका ने मोदी की आलोचना की, शांति के लिए 'ठोस कदम' उठाने के लिए कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। मणिपुर में चार व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या के एक दिन बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को वहां की स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और सरकार से पूर्वोत्तर राज्य में सभी हितधारकों से बात करके स्थिरता एवं शांति के लिए ''ठोस कदम'' उठाने का आग्रह किया।

मणिपुर के थोउबल जिले के अल्पसंख्यक बहुल लिलोंग चिंगजाओ इलाके में अज्ञात हमलावरों ने चार ग्रामीणों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मणिपुर में चार लोगों की हत्या कर दी गई। कई लोग घायल हैं, कई जिलों में कर्फ्यू है। आठ महीने से मणिपुर के लोग हत्या, हिंसा और तबाही झेल रहे हैं। यह सिलसिला कब रुकेगा?'' उन्होंने कहा, मणिपुर की सभी पार्टियों के नेताओं के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली आकर प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा था लेकिन उन्होंने आज तक समय नहीं दिया। न वे मणिपुर गए, न मणिपुर के बारे में बात की, न संसद में जवाब दिया, न कोई 'एक्शन' लिया। क्या मणिपुर को यही नेतृत्व चाहिए, या विज्ञापनों की ताकत महान बताने के लिए पर्याप्त है।

## समोसे खाने से 20 शिक्षकों की तबीयत बिगड़ी

**नोएडा (उप्र)/भाषा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के दनकौर कस्बे में एक महाविद्यालय में नव वर्ष के मौके पर आयोजित समारोह में कथित तौर पर समोसे खाने से 20 शिक्षकों की तबीयत बिगड़ गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

महाविद्यालय के प्राचार्य गिरीश कुमार वत्स के अनुसार, नव वर्ष के मौके पर सोमवार को आयोजित समारोह के लिए कस्बे की नामी मिष्ठान दुकान से समोसे, मिठाइयां और अन्य खाद्य सामग्री मंगाई गई थीं। उन्होंने दावा किया कि ''समोसे खाने'' के कुछ देर बाद शिक्षकों की तबीयत बिगड़ गई। सभी शिक्षकों को ग्रेटर नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) और शारदा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद 10 शिक्षकों घर भेज दिया गया, जबकि अन्य का इलाज जारी है। वत्स ने इस मामले में संबंधित पुलिस थाने और खाद्य सुरक्षा विभाग को शिकायत दी है।

# भारत को 2024 में तेज गेंदबाजों की बड़ी खेप तैयार करने पर ध्यान देना चाहिए: इरफान पठान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि भारत को 2024 में अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण की 'बेंच स्ट्रेंथ' बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इस विभाग में उसकी कमजोरी खुलकर सामने आ गई। भारत को पहले टेस्ट मैच में मोहम्मद शमी की बड़ी कमी खली और उसे इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। चोटों से परेशान रहने वाले जसप्रीत बुमराह को शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला।

पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,''भारत को 2024 में तेज गेंदबाजों की अच्छी इकाई तैयार करने की जरूरत है। दक्षिण अफ्रीका में क्या हुआ हम सभी ने देखा। हमारे 'बैकअप' गेंदबाज तैयार नहीं थे। हमें शमी की बहुत कमी खली। उन्होंने कहा,''भगवान ना करे, अगर बुमराह के साथ कुछ हो जाता है, जैसे कि वह अतीत में चोटिल होते रहे हैं। ऐसे में अगर हमने तेज गेंदबाजों की बड़ी खेप तैयार नहीं की तो हमें उनके (बुमराह और शमी) जैसे अच्छे तेज गेंदबाज नहीं मिलेंगे। आपके पास उच्च स्तर पर खेलने के लिए कम से कम सात या आठ तेज गेंदबाज हमेशा तैयार होने चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि भारतीय टीम में युवा और अनुभव का अच्छा मिश्रण होना चाहिए। गावस्कर ने कहा,''हमारा ध्यान युवा और अनुभव का अच्छा मिश्रण तैयार करने पर होना चाहिए, क्योंकि इससे हमेशा लाभ मिलता है। युवाओं के उत्साह को कम करने के लिए आपको शांत दिमाग से भी काम करने की जरूरत है।

## वार्नर की असाधारण प्रतिभा के कारण क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से उनका अनुबंध बना रहा: क्लार्क



**सिडनी/भाषा।** पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि डेविड वार्नर की असाधारण प्रतिभा के कारण ही यह सुनिश्चित हो पाया कि मैदान के बाहर कुछ मुद्दों के बावजूद इस विस्फोटक सलामी बल्लेबाज का क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ अनुबंध खत्म नहीं हो। पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के बाद 37 वर्षीय वार्नर इस प्रारूप से संन्यास ले लेंगे। अपने करियर के दौरान वह विवादों से भी जुड़े रहे जिनमें 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में गेंद से छेड़छाड़ करना भी शामिल है। क्लार्क ने कहा,''डेवी (वार्नर) शुरू से ही मजबूत इरादों वाला व्यक्ति था। उस जैसा दृढ़ और आक्रामक रवैया रखने वाला खिलाड़ी मुझे टीम में पसंद था।

## नडाल ने साल के पहले मैच में जीत दर्ज की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ब्रिसबेन/एपी।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रफेल नडाल ने दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को 7–5, 6–1 से हराकर इस वर्ष में पहली जीत दर्ज की।

पिछले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद से नडाल ने कोई एकल मैच नहीं खेला है।

सैंतीस वर्ष के नडाल ने पहले सेट में सिर्फ छह सहज गलतियां की और तीन ही अंक गंवाए। उन्होंने 89 मिनट में यह मुकाबला जीता।

कूल्हे की चोट के कारण लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद लौटे नडाल यहां वाइल्ड कार्ड पर खेल रहे हैं।

अन्य मैचों में जर्मनी के यानिका हांफमैन ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोरडा को 7–5, 6–4 से मात दी।

महिला वर्ग में 2020 ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता सोफिया केनिन ने 113वीं रैंकिंग वाली एरिना रोडियोनोवा को 7–5, 7–6 से हराया।

## सुविचार

**जब इंसान की जरूरत बदल जाती है, उसका आपसे बात करने का तरीका भी बदल जाता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# चीन की डूबती नैया!

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का नए साल के भाषण में यह कहना कि 'देश की अर्थव्यवस्था पहले से अधिक लचीली और गतिशील बन गई है', मौजूदा मुश्किल हालात पर लीपापोती की तरह है। शी अपने अड़ियल रवैए के कारण अपने हाथों इस देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार करने को आमादा हैं। वे मशहूर उद्योगपति जैक मा द्वारा बैंकिंग प्रणाली के पुराने ढर्रे की जरा-सी आलोचना बर्दाश्त नहीं कर पाए। उसके बाद जैक के साथ जो हुआ, वह पूरी दुनिया ने देखा। ऐसे में कौन उद्योगपति चीनी सरकार की नीति और रवैए पर विश्वास करेगा? पिछले एक साल में कई कंपनियों ने चीन के बजाय अन्य देशों का रुख कर लिया। इन सबका नतीजा यह हुआ कि इस देश की विनिर्माण गतिविधियां दिसंबर में धीमी पड़ गईं और अर्थव्यवस्था ने कमजोर प्रदर्शन किया। चीन के लिए यह खतरे की घंटी है, क्योंकि विश्व की नंबर दो अर्थव्यवस्था के अव्वल दर्जे पर आने के मंसूबे पर पानी फिरता नजर आ रहा है। कारखानों के प्रबंधकों के माथों पर पसीने आ रहे हैं। बाजार में मांग कम है और पूंजी का ब्याज बढ़ता जा रहा है। इससे बैंकिंग क्षेत्र पर दबाव बढ़ रहा है। भवन निर्माताओं ने बैंकों से उधार लेकर बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर दीं, लेकिन अब खरीदार नहीं मिल रहे। जो मिल रहे हैं, वे उतनी कीमत नहीं देना चाहते, जितनी निर्माता मांग रहे हैं। चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने जो आंकड़े जारी किए हैं, वे भी इस बात की गवाही दे रहे हैं कि अगर सरकार ने जल्द कोई ठोस उपाय नहीं किए तो अर्थव्यवस्था का ग्राफ यूं ही गोते खाता रहेगा। उसका आधिकारिक विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक 'पीएमआई' दिसंबर में गिरकर 49 पर आ गया। यह इस बात का संकेत है कि बाजारों में खरीदार नहीं आ रहे, मांग की स्थिति सुस्त है। इसका सीधा असर विक्रेताओं की स्थिति पर पड़ रहा है। अगर कुछ और महीनों तक यही हालत रही तो उन्हें किराया चुकाने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

यह आंकड़ा 50 से ऊपर होता तो संकेत मिलता कि अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, बाजारों में मांग है, माल की खपत हो रही है, लिहाजा कारखानों की गतिविधियां बढ़ रही हैं। ऐसी स्थिति तब है, जब चीनी सरकार पर असल आंकड़े छुपाने के आरोप लगते रहे हैं। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि चीनी अर्थव्यवस्था की मौजूदा हालत दिए गए आंकड़े से ज्यादा खराब है। उक्त सूचकांक के पिछले नौ महीनों के आंकड़े यही कहानी बयान कर रहे हैं, जिन्हें चीनी सरकार ज्यादा छुपा नहीं सकती थी। यह सूचकांक आठ बार गिरा, जबकि सितंबर में बढ़ा है। चीन की अर्थव्यवस्था पर कोरोना के बाद लगातार चोट हो रही है। शी जिनपिंग ने जिस तरह कुप्रबंधन और लापरवाही से संक्रमण को बढ़ावा दिया, उसकी दुनिया ने बहुत बड़ी कीमत चुकाई है। कोरोना महामारी ने विश्व समुदाय को जो घाव दिए हैं, उनके निशान दशकों तक रहेंगे। वहीं, चीन में शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। शी जिनपिंग के चहेते पदाधिकारियों की 'पांचों अंगुलियां घी में और सिर कड़ाही में' हैं। वे जमकर दौलत बटोर रहे हैं। इस लूटमार में सैन्य अधिकारी भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे। हाल में पीएलए के नौ वरिष्ठ जनरलों का कच्चा चिट्ठा शी जिनपिंग के सामने खोला गया तो उन पर गाज गिरी। चीनी जनता जानती है कि ये जनरल अकेले ऐसे पदाधिकारी नहीं हैं, जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है। अगर जांच का दायरा बढ़ाया जाए तो कई और पदाधिकारी नपेंगे। अभी शी जिनपिंग की प्राथमिकता अर्थव्यवस्था में जान फूंकना है, जिसका चक्का धीमा पड़ता जा रहा है। इसमें पर्यटन बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इसके लिए चीन ने अपने धुर विरोधी अमेरिका के लिए वीजा नियमों में आसानी करने का फैसला किया है। कोरोना संक्रमण के विस्तार के बाद चीन से विदेशी पर्यटक कन्नी काटने लगे थे। यह सिलसिला आज भी जारी है। उसका वुहान शहर, जो पहले पर्यटन के लिए मशहूर था, अब वायरस के लिए बदनाम है। ऐसे में वीजा नियमों में आसानी के बावजूद कौन विदेशी पर्यटक जोखिम लेना चाहेगा? जान है तो जहान है!

## ट्वीटर टॉक



मोदी गारंटी पर विश्वास करके प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार चुनी। पहले ही महीने में छ450 में सस्ता सिलेंडर और जनहित के कई निर्णय लेकर मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अपना जनहित का काम शुरू कर दिया है।

**–सीपी जोशी**



जनसमस्याओं का निराकरण करना – मेरी शीर्ष प्राथमिकता... आज ओटीएस निवास पर प्रदेश के देवतुल्य नागरिकों व राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं से स्नेहिल भेंट की तथा उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

**–भजनलाल शर्मा**



पदमपुर, श्रीगंगानगर राजस्थान में विशाल जनसभा को संबोधित करने का सौभाग्य मिला। जनता-जनार्दन का आशीष पाकर मन धन्य हो जाता है। कार्यकर्ता साथियों से मिले स्नेह को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। कोटि-कोटि आभार! अभिनंदन!

**–गजेन्द्र सिंह शेखावत**

## प्रेरक प्रसंग

# सच्चाई का आईना

एक संत थे हातिम। उनका कहना था कि उन्हें सुनाई नहीं देता। इसलिए उनका नाम ही हो गया बहरा हातिम। एक दिन उनकी संगत में कुछ लोग बैठे थे। तभी एक मक्खी मकड़ी के जाले में जा फंसी, और छूटने के लिए भिनभिनाने लगी। हातिम के मुख से निकला, 'ऐ लोभ की मारी, अब क्यों भिनभिना रही है? हर जगह शक्कर और शहद नहीं होता।' सुनकर सब हक्के-बक्के रह गए। एक ने पूछ लिया, 'आप तो सुन नहीं सकते, फिर मक्खी की भिनभिनाहट कैसे सुन ली?' दूसरा बोला, 'तो क्या आप बहरे नहीं हैं?' पहले ने फिर कहा, 'लोग तो आप को बहरा ही समझते हैं।' हातिम बोला, 'चिकनी-चुपड़ी बातें सुनने की बजाय बहरा होना कहीं बेहतर है। अगर मैं सुनता, तो मेरे संगी-साथी मेरी बुराइयों और कमजोरियों को छिपाते, और मेरी तारीफ़ों के पुल बांधते। मैं खुद को नेक इंसान समझने लगता। घमंड से भी भर जाता। मेरे साथी मुझे बहरा समझते हैं और मेरी बुराई-अच्छाई बगैर लाग-लपेट के बता देते हैं और मैं सच्चाई को जान कर अपने अवगुण दूर करने का प्रयास करता रहता हूं।'

## सामयिक

# श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से विपक्ष दूर क्यों ?

**अवधेश कुमार**



अनेक विपक्षी दलों के नेताओं ने साफ कर दिया है कि वो निमंत्रण मिलने के बावजूद अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कुछ लोगों ने तो इस कार्यक्रम का ही तीखा विरोध कर दिया है। हालांकि इसके परे आम लोगों में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तथा लोकार्पण को लेकर उत्साह का माहौल साफ दिखाई पड़ता है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में कायम यह वातावरण अस्वाभाविक नहीं है। हमारे देश में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या रही है जो श्रीराम मंदिर आंदोलन के महत्व और उसके प्रभाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। यह देखते हुए भी कि अयोध्या आंदोलन ने भारतीय जनता पार्टी को देश के एक बड़े वर्ग का चहेता बना दिया ऐसे लोग आज तक सच्चाई स्वीकारने को तैयार नहीं है। उनका यही मानना रहा है कि भाजपा और संघ ने जानबूझकर अपनी राजनीति के लिए श्रीराम मंदिर के मुद्दे को उठाया, देश में सांप्रदायिक विभाजन किया तथा हिंदुओं का ध्रुवीकरण करके अपना वोट बैंक बढ़ाया। कुछ नेताओं का बयान भी है कि आखिर लोकसभा चुनाव के पहले ही इसका इसकी प्राण प्रतिष्ठा क्यों हो रही है? उनके अनुसार यह सीधे-सीधे राम मंदिर का राजनीतिकरण है। कोई पार्टी राजनीति में है, केंद्र की सत्ता में है तो उसकी भूमिका के पीछे राजनीति होगी। किंतु क्या यह मान लिया जाए कि प्राण प्रतिष्ठा का पूरा कार्यक्रम केवल भाजपा की राजनीति है और वह इसका 2024 की दृष्टि से लाभ लेना चाहती है?

इसके उत्तर के लिए यह प्रश्न करना होगा कि फिर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम कब रखा जाना चाहिए था? जिन लोगों के लिए आज भी मंदिर कोई मुद्दा नहीं है उनके वक्तव्य की इस संदर्भ में कोई प्रासंगिकता नहीं है। उनकी बात छोड़ दीजिए। उन सारे हिंदुओं के बारे में विचार करिए जिनके मन में यह आकांक्षा थी कि करीब 500 वर्ष पहले जिस पवित्र मंदिर को ध्वस्त करके मस्जिद बनाया गया वहां मंदिर का निर्माण हो। इस मंदिर को बचाने और फिर बाद में उस जगह को प्राप्त कर पूजा पाठ करने के लिए संघर्ष का लंबा इतिहास है। अनेक इतिहासकारों ने उसे महत्व देने की कोशिश नहीं की। न्यायालयों में दोनों पक्षों की हुई बहस तथा पैसों से साफ हो गया कि इसके लिए संघर्ष सतत चलता रहा। इसमें हिंदुओं के साथ सिख, बौद्ध ,जैन सबकी भूमिका रही है। इतने संघर्ष और स्वतंत्रता प्राप्ति के बावजूद लगभग 72 वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद इसका फैसला आया। क्या उसे फैसले को साकार करने के लिए समय सीमा का संकल्प नहीं होना चाहिए था? हमारे देश में किसी भी निर्माण में समय सीमा का संकल्प नहीं दिखाते हैं तो वह कितना आगे खींच जाएगा इसकी कल्पना हम आप सबको है। एक निर्माण कार्य शुरू होने के बाद वह कब पूरा होगा इसकी गारंटी नहीं होती। वैसे भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन के कुछ समय बाद धीरे-धीरे यह समाचार आने लगा था कि आम लोगों के दर्शन और पूजन के लिए 2023 के अंत या 2024 के आरंभ में श्रीराम मंदिर खुल जाएगा। निश्चित रूप से इसे हर हाल में पूरा किया ही जाना चाहिए था। कौन सा चुनाव कब है, इसका प्रभाव उन चुनावों पर क्या पड़ेगा इसकी दृष्टि से विचार करना अनुचित होता। संसदीय लोकतंत्र में चुनाव अपने समय पर आयोजित होते हैं और उसके लिए ऐसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक आयोजन को टाला नहीं जा सकता।

संकल्पबद्धता और इसका ध्यान रखते हुए दिन रात एक नहीं किया जाता तो 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा संभव नहीं होती। संपूर्ण मंदिर और उससे संबंधित अन्य निर्माण कार्य आगे भी जारी रहेंगे। ऐसा सामान्यतः होता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब सरदार वल्लभभाई पटेल , कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी, डा राजेंद्र प्रसाद जैसे महान नेताओं ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की योजना बनाई तब भी उसका विरोध हुआ था। हालांकि तब देश में न मीडिया का इतना प्रसार था और न राजनीति में ऐसा तीखा विभाजन और वोट की रणनीति की दृष्टि से ही हर मुद्दे पर अपना स्टैंड लेने का माहौल था। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा और निर्माण की पूरी कथा जिन्हें पता है वो किसी तरह का प्रश्न नहीं उठा सकते। 8 मई, 1950 को मन्दिर की आधारशिला रखी गई तथा 11 मई ,1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने मन्दिर में ज्योतिर्लिंग स्थापित किया। तब तक मंदिर का संपूर्ण निर्माण नहीं हो पाया था। एक मुहूर्त तय हो गया था और भावना यही थी कि लंबे समय से बंद ज्योतिर्लिंग का दर्शन पूजन जितनी जल्दी आरंभ हो जाए उतना ही अच्छा। दूरदर्शी नेताओं का मानना था कि ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा के साथ धीरे-धीरे देश का वायुमंडल बदलेगा और भारत फिर 15 अगस्त, 1947 के पहले की दुर्दशा को प्राप्त नहीं होगा। ध्यान रखिए, वर्तमान सोमनाथ मंदिर का निर्माण 1962 में जाकर पूरा हुआ। इसलिए आधे-अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर प्रश्न उठाने वाले सोमनाथ मंदिर के इतिहास को अवश्य पढ़ ले।

वास्तव में इस तरह का प्रश्न उठाने वाले लोगों की सोच को समझना कठिन नहीं है। इनमें कुछ ऐसे हैं जिनको मंदिर से ही समस्या रही है और जिनकी राजनीति इससे बुरी तरह प्रभावित हुई। कुछ संघ और भाजपा के स्थायी विरोधी हैं। किसी संगठन या राजनीतिक दल का विरोध करने में समस्या नहीं है पर हर विषय में हमारा विरोध का ही स्टैंड रहे यह अपनी नकारात्मकता और कुंठा को प्रमाणित करता है। राम मंदिर केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं है, भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण, एक आध्यात्मिक राष्ट्र के रूप में भारत के उद्भव तथा विश्व कल्याण के लिए समर्पित भावना वाले देश के उदय की दृष्टि से इसका महत्व है। मंदिर की मूर्तियां पत्थरों या धातुओं की हो, प्राण प्रतिष्ठा एवं नियमपूर्वक पूजन के साथ वह संपूर्ण वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण करने का केंद्र बनता है। संघ परिवार या अन्य हिन्दू संगठनों के लिए यह आंदोलन किसी एक मंदिर के निर्माण तक ही सीमित नहीं था। वह भारत की अंत:शक्ति- आध्यात्मिक -सांस्कृतिक - सभ्यतागत पराभव एवं मानहरण के साथ संपूर्ण देश को व्याप्त पराजय व हीनग्रंथि से निकाल कर भारत को उसके गौरव पर पुनर्स्थापित करने की साधना का अंग था। किसी की संघ या अन्य संगठनों से जितना भी मतभेद हो, श्रीराम मंदिर आंदोलन ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और एक सांस्कृतिक पहचान के साथ राष्ट्र के उद्भव का संपूर्ण संकेत दिया। धीरे-धीरे इसके पीछे विरोध में कमी आई और ऐसे लोग भी अंदर से मानने लगे कि वहां मंदिर निर्माण ही होना चाहिए जो पहले यह स्वीकार नहीं करते थे। राजनीतिक दलों के सामने समस्या यह हो गई कि राम मंदिर का विरोध करेंगे तो एक बड़े वर्ग के वोट से वंचित हो जाएंगे। इसलिए अनेक दल और नेता न चाहते हुए भी इसके विरोध में खड़े होने से बचने लगे। यह बदले हुए भारत का ही परिणाम था जो आज तक कायम है। इसलिए राम मंदिर का सार्वजनिक विरोध करने वाले नेताओं की संख्या काफी कम हो गई।

चूंकि लंबे समय तक आपने आंदोलन का विरोध किया, मंदिर के अस्तित्व को भी नकारने का अभियान चलाया और कुछ तो इससे आगे बढ़कर श्रीराम को ही एक मिथक साबित करते रहे। ऐसे लोग न्यायालय में भी गए। हालांकि उन्हें लगातार मुंह की खानी पड़ी क्योंकि तथ्य इसके विपरीत थे। लगातार विरोध करने और नकारने के बाद उन सबके लिए मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना कठिन है और इसे आसानी से समझा जा सकता है। आखिर कल तक विरोध करने वालों को लगता होगा कि वह किस मुंह से वहां जायें। इनकी समस्याओं के कारण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा नहीं रुक सकती। हालांकि इन्हें लगता है कि नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ इसका लाभ ले जाएंगे तो इन्हें अवश्य शामिल होना चाहिए।

## विशेष

# सावित्रीबाई फुले : आधुनिक भारत की प्रथम शिक्षिका

**प्रमोद दीक्षित मलय**

**मोबाइल : 9452085234**

आज देश के समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। पर डेढ़ सौ साल पहले यह कल्पना करना भी बेमानी था कि कोई बालिका विद्यालय के द्वार पर दस्तक दे। विद्या के केंद्र उसके लिए अनचीन्हे थे। शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 ने देश के सभी बच्चों को बिना बाधा, रुकावट एवं भेदभाव के शिक्षा प्राप्त कर सकने का विस्तृत फलक तैयार किया है। यही कारण है कि विभिन्न जाति समूहों की बालक-बालिकाएं आज बड़ी संख्या में शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। लेकिन आज से डेढ़-दो सौ वर्ष पहले का शैक्षिक दृश्य ऐसा नहीं था। तब शिक्षा समाज के कुछ वर्गों के लोगों की परिधि तक ही सीमित थी। विशेषकर महिलाओं के लिए शिक्षा संस्थानों के दरवाजे बंद थे। महिलाओं का घर के सामान्य कामकाज एवं चूल्हा-चौका में कुशल होना ही पर्याप्त था। बालिकाओं का पुस्तक का स्पर्श कर लेना भी मानो अपराध था। ऐसे समय में भारत में एक बालिका ने जन्म लिया जिसका नाम है सावित्री बाई। हां, वहीं सावित्रीबाई फुले जिसने आगे चलकर महिलाओं के लिए न केवल शिक्षा के बंद रास्ते खोले बल्कि उनकों आर्थिक दृष्टि से भी सक्षम बनाया।

3 जनवरी, 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले की खंडाला तहसील के नायगांव में एक पिछड़े वर्ग के परिवार में सावित्रीबाई का जन्म हुआ था। सावित्री को किसी स्कूल भेजने का प्रश्न ही नहीं था क्योंकि उस काल में तो वंचित एव पिछड़े वर्ग के बालकों को भी सामान्यतया स्कूल भेजने की कोई परम्परा नहीं थी। पिता खंदोजी नावसे पाटिल और माता लक्ष्मीबाई ने तत्कालीन परिस्थितियों एवं सामाजिक रीति-रिवाज के कारण 9 वर्ष की छोटी अवस्था में ही सावित्री का विवाह पुणे के 12 वर्षीय ज्योतिराव गोविन्दराव फुले के साथ 1840 में कर दिया। ज्योतिराव भी पांचवीं तक ही शिक्षा प्राप्त कर सके थे क्योंकि परिवार के पुश्तैनी फूलों के व्यवसाय एवं खेती के काम में सहयोग देने के लिए उन्हें स्कूल से निकाल लिया गया था। विवाह के बाद ज्योतिबा ने सावित्रीबाई को पढ़ाना आरम्भ किया। उस दौर में किसी महिला का शिक्षा प्राप्त करना एक प्रकार से पाप कर्म समझा जाता था। फलतः ज्योतिबा का विरोध शुरु हो गया। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और चोरी छिपे पढ़ाना-लिखाना जारी रखा। ज्योतिबा ने खेत की मेंड़ पर भी आम के पेड़ के नीचे आम की पतली टहनी की कलम बनाकर अक्षर ज्ञान कराया। किसे मालूम था कि उस खेत की जमीन में धूल पर उकेरे गये पहले अक्षर एक तेजस्विनी अग्नि को जन्म देने वाले थे जिसे समाज में व्याप्त भेदभाव, बंदिशें और गैरबराबरी की कलुष बेड़ियों को जलाकर महिलाओं एवं वंचित समाज के लिए विकास का एक सुगम राजपथ तैयार करना था जिस पर चलते हुए वे सिर उठाकर आत्मविश्वास और आत्मगौरव के साथ जी सकें। इस तरह खेत और घर पर सावित्री बहुत संघर्ष के साथ अक्षर ज्ञान कर सकीं। फिर बाद में एक ब्रिटिश अधिकारी की पत्नी मिसेज मिसेल ने बालिकाओं के लिए 1840 में पुणे में छबीलदास की हवेली में एक नार्मल स्कूल प्रारम्भ किया तो सावित्री वहीं पढ़ने लगीं। वहीं पढ़ते समय सावित्री ने गुलामी प्रथा के विरुद्ध काम करने वाले थामस क्लार्कसन की जीवनी पढ़ी जिसमें अमेरिका के अफ्रीकी गुलामों के जीवन और संघर्ष की दर्दनाक दास्तान छपी थी। सावित्री समझ गईं कि शिक्षा ही बदलाव का मजबूत औजार है क्योंकि अशिक्षित व्यक्ति न तो अपने अधिकार जान सकता और न ही उनकी प्राप्ति के लिए लड़ाई लड़ सकता। इस किताब ने उनके अन्दर स्वयं पढ़ने की ललक तो जगायी ही बल्कि समाज की बालिकाओं को शिक्षित करने का एक स्वप्न भी दिया।


बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए 1 जनवरी, 1848 में ज्योतिबा के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की चार से छह वर्ष की 9 बालिकाओं, जिनमें अन्नपूर्णा जोशी, सुमती मोकाशी, दुर्गा देशमुख, माधवी थत्ते, सोनू पवार और जानी करडिले शामिल थीं, को लेकर तात्याभाई भिड़े बाड़ा, बुधवारपेठ पुणे में कन्या विद्यालय स्थापित किया। जहां सगुणबाई ने भी शिक्षिका के रूप में काम किया। इस विद्यालय में बालिकाओं ने गणित, व्याकरण, भूगोल, भारत सहित यूरोप एवं एशिया के नक्शों की जानकारी, मराठों का इतिहास तथा नीति एवं बाल बोध विषयों को पढ़कर देश के शैक्षिक फलक में अपनी जीवन्त उपस्थिति दर्ज करायी। विद्यालय के लिए पुस्तकों का प्रबन्ध सदाशिव गोविंद ने किया। लेकिन एक दलित महिला का यह शैक्षिक प्रयास समाज के स्वयंभू ठेकेदारों को फूटी आंखों नहीं सुहा रहा था। उन्हें लगा कि यदि महिलाएं शिक्षित हो गईं तो उन्हें बरगलाना आसान न होगा। फलतः स्कूल पर हमला हुआ तो बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए विद्यालय बंद करना पड़ा। विरोधियों को लगा होगा कि उन्हें विजय मिल गई लेकिन यह उनकी भूल थी।

सावित्रीबाई तो किसी और ही मिट्टी की बनी थी। निराश होकर हाथ पर हाथ धर बैठ जाना उन्हें स्वीकार न था। कुछ ही समय बाद, 15 मई 1848 को दलित बस्ती में दलित बालक-बालिकाओं के लिए एक अन्य स्कूल खोला। एक वर्ष के अंदर 5 विद्यालय स्थापित किये। वह केवल महिलाओं एवं दलित जनों के शिक्षा-दीक्षा और आर्थिक विकास तक ही सीमित नहीं थीं बल्कि अल्पसंख्यक समुदाय की निम्न शैक्षिक स्थिति को लेकर भी चिंतित थीं। तो उन्हें भी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अपनी स्कूल की छात्रा फातिमा शेख को अपने एक स्कूल में शिक्षिका बनाकर प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका होने का गौरव प्रदान किया जो बाद में देश की प्रमुख सामाजिक कार्यकर्त्री बनीं। इस प्रकार सावित्रीबाई ने ज्योतिबा के साथ मिलकर 1 जनवरी, 1848 से 15 मार्च, 1852 की अवधि में पुणे और उसके आसपास 18 विद्यालय बिना किसी बाहरी आर्थिक मदद के निजी सामर्थ्य से स्थापित किए जहां सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को संवारा।

## चिंतन



# कहां खो गया रोटी का स्वाद ?



**डॉ. वीरेन्द्र भाटी मंगल**

**मोबाइल : 9413179329**

वर्तमान दौर में अनेक बीमारियों का कारण हमारा खान-पान भी है। ऐसे में हमारी थाली में परोसी जाने वाली रोटी भी कई मायनों में रोगी बनाने में भूमिका निभा रही है। ऐसे में यह प्रश्न उभरकर सामने आता है कि अब रोटी का स्वाद कहां खो गया? इस प्रश्न पर अगर हम गहराई से चिंतन करे तो सबसे पहले आता है गैस से बनी रोटी। जी, हां यह सत्य भी है कि आज हमारे घरों में गैस के चूल्हे पर बननी वाली रोटी घातक बीमारियां देने के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है। आज के दौर में बड़े शहरों में रहने वाले लोगों की मजबूरी है कि उन्हें चूल्हा नसीब नहीं होता, और मजबूरी में गैस पर बनी रोटी खाकर ही अपना जीवन यापन करना पड़ता है। लेकिन इधर हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त साधन सुविधाएं होने के उपरांत भी चूल्हे के झंझट से मुक्ति मिले की सोच से गैस का अधिक उपयोग किया जाता है।

इस दौर में ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस पर खाना बनाने का प्रचलन तेजी से बढता जा रहा है। क्योंकि इसका मुख्य कारण यह भी है कि गैस पर खाना जल्दी बनता है, वहीं लोगों को गैस पर खाना बनाने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना भी नहीं करना पड़ता है। आज हमारे घरों में सब कुछ पोष्टिक खाने के उपरांत भी रोगियों की संख्या बढती जा रही है, घरों में बच्चों से लेकर बुर्जुगों तक कोई न कोई बीमार देखे जा सकते है।

अगर स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय मानी जाये तो तो चूल्हे पर बनी रोटी गैस पर बनी रोटी के मुकाबले ज्यादा फायदेमंद होती है। इससे कई तरह की बीमारियां भी हमसे दूर रहती है। चूल्हे पर बनी रोटी ज्यादा स्वास्थ्यवर्धक होती है, इसमें कोई संदेह नहीं है। चूल्हे पर बनी रोटी का स्वाद कुछ अलग ही होता है। क्योंकि तवे पर पकाने के बाद रोटी का सम्पर्क गर्म राख और भूमि से होता है। जिससे निकली सोंधी-सोंधी गंध स्वाद को ओर बढा देती है, इसके अलावा यह खाने में भी रुचि पैदा करती है। जबकी गैस चूल्हे की आंच पर बनने वाली रोटी का स्वाद तो होता ही नहीं है, साथ ही शरीर में अपचन, कब्ज, गैस जैसे अनेक रोगों को बढाने में सहायक होती है।

सही मायने में गैस पर बनी रोटियां पूरी तरह से पक नहीं पाती है। आजकल प्रायः घरों मे यह चलन सा हो गया है कि तवे आधी रोटी सीकने के बाद उसे गैस की लौ में सेका जाता है, जो खाने में भी बेस्वाद होती है। जबकि चूल्हे पर बनी रोटियां पूरी तरह से पक जाती है साथ ही साथ यह ज्यादा सुपाच्य भी होती है। इसलिए डॉक्टरों का कहना है कि चूल्हे पर बनी रोटी ही गैस पर बनी रोटी की तुलना में अधिक फायदेमंद होती है वहीं चूल्हे से बनी रोटी को नियमित खाने से डायबिटीज जैसे रोग भी नियन्त्रण में किये जा सकते है। हमारे घरों में रोटी पकाने का भी तरीका अलग-अलग होता है। कुछ लोग रोटी को तवे पर सेक कर खाते हैं, तो कुछ सीधे ही गैस की आंच पर सेकना जरूरी समझते है।

रोटी को गैस की आंच पर पकाने बनती जा रही यह परम्परा हमारे शरीर के लिए घातक सिद्ध होती नजर आ रही है। न्यूट्रिशन एंड कैंसर जर्नल में प्रकाशित एक रिसर्च के मुताबिक तेज आंच पर खाना पकाने से कार्सिनोजेनिक पैदा हो सकते हैं जिन्हें शरीर के अंगों के लिए सही नहीं माना जाता है। शोध में कहा गया है कि गेहूं के आटे में एक निश्चित स्तर की नेचुरल शुगर और प्रोटीन होता है जिससे अगर सीधी आग पर गर्म किया तो कार्सिनोजेनिक पैदा हो सकता है, जो मानव शरीर के लिए असुरक्षित है। कार्सिनोजेनिक एक ऐसा पदार्थ है जो कैंसर का कारण बन सकती है, जीन को प्रभावित करके या सामान्य कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती है।

हालांकि अभी इस को लेकर और भी रिसर्च होने की आवश्यकता है लेकिन अब तक के रिसर्च को देखा जाए तो एक बात तो निकलकर आती है कि सीधे गैस के संपर्क में रोटी पका कर खाना सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है, ऐसे में यह जरूरी है कि हम अपने स्वास्थ्य को देखते हुए ऐसी गलती नहीं करे तो ज्यादा ठीक है। सदियों से हमारे यहां रोटी पकाने का बढिया तरीका रहा है। जिसके अनुसार तवे पर रखी रोटी को किसी सूती के कपड़े से दबाते हुए चारों तरफ घुमा-घुमा कर सेककर रोटी बनाना। इससे रोटी अच्छी तरह पक जाती है और इसे सीधे गैस की आंच पर भी नहीं रखने से हमारे शरीर के लिए भी नुकसानदायक नहीं होती।

**महत्त्वपूर्ण**

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

स्वागत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार को तिरुचिरापल्ली पहुंचने पर भाजपा समर्थक उनका स्वागत करने के लिए एकत्र हुए।

# जापानः भूकंप में कम से कम 48 की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाजिमा। पश्चिमी जापान में एक के बाद एक आए भूकंप के कई झटकों के कारण मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है और कई इमारतें, वाहन तथा नौकाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। अधिकारियों ने भूकंप के खतरे को देखते हुये मंगलवार को चेतावनी जारी कर कुछ क्षेत्र में लोगों को अपने घरों से दूर रहने को कहा है। जापान के इशिकावा प्रांत और आसपास के इलाकों में सोमवार की दोपहर को भूकंप के एक के बाद एक, कई झटके महसूस किये गये, जिनमें सबसे अधिक 7.6 तीव्रता का भूकंप भी था। अधिकारियों ने बताया कि इशिकावा में 48 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि मकानों को काफी नुकसान पहुंचा है।

हालांकि, कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन नहीं किया जा सका है। जापानी मीडिया खबरों में बताया गया कि हजारों मकान ढह गये हैं। सरकार के प्रवक्ता योशिमासा हयाशी ने कहा कि 17 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, हालांकि प्रीफेक्चर की ओर से जारी मृतकों की संख्या से अवगत होने के बावजूद उन्होंने मरने वालों की संख्या कम बताई।

कुछ क्षेत्रों में पानी, बिजली और फोन सेवाएं अभी भी बंद हैं। स्थानीय निवासी नष्ट हुए घरों और अपने अनिश्चित भविष्य को लेकर चिंचित हैं। अपने घर के आसपास से मलबा हटाने में लगी इशिकावा निवासी मिकी कोबायाशी ने कहा, देखने से लगेगा कि घर सिर्फ गंदा हुआ, लेकिन ऐसा नहीं है दीवारें ढह गई हैं मुझे नहीं लगता कि यह रहने लायक है। उन्होंने कहा 2007 के आये भूकंप में भी उनका घर क्षतिग्रस्त हो गया था। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मंगलवार को कहा कि बचाव प्रयासों में तेजी लाने के लिए 1,000 सैनिकों को भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, लोगों की जान बचाना हमारी प्राथमिकता है। इसीलिए जरूरी है कि घरों में फंसे लोगों को तुरंत बचाया जाए। जब वह बोल रहे थे उस समय इशिकावा क्षेत्र में 5.6 तीव्रता का एक और भूकंप आया। दमकलकर्मियों ने वाजिमा शहर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है। परमाणु नियामकों ने कहा कि क्षेत्र में परमाणु संयंत्र सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। इससे पहले मार्च 2011 में, एक बड़े भूकंप और सुनामी के कारण संयंत्र में खराबी आ गई थी।

समाचार वीडियो में एक कतार में काफी सारे धवस्त मकान दिखाई दे रहे हैं। गाड़ियां पलटी हुई हैं और नौकाएं डूबी हुई हैं। सुनामी के कारण समुद्र तटों पर कीचड़ है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सोमवार को इशिकावा में सुनामी की चेतावनी जारी की थी, लेकिन मंगलवार की सुबह चेतावनी वापस ले ली गई।

# रूस ने मिसाइल हमलों से यूक्रेन के दो सबसे बड़े शहरों को निशाना बनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कीव। रूस ने यूक्रेन के दो सबसे बड़े शहरों पर मंगलवार को मिसाइलों से हमला किया जिनमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनहुबोव ने बताया कि रूस ने मिसाइलों से खारकीव शहर के मुख्य हिस्से और अन्य इलाकों को निशाना बनाया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 41 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की राजधानी कीव के महापौर विताली क्लीस्चको ने बताया कि शहर के कम से कम पांच इलाकों को मिसाइलों से निशाना बनाया गया जिनमें कम से कम 12 लोग घायल हो गए।

यूक्रेन ने शुक्रवार से अपने हमले तेज कर दिए हैं और लगातार यूक्रेन के शहरों को निशाना बना रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से अबतक शुक्रवार को किए हमले में एक दिन में सबसे अधिक 41 आम लोग मारे गए। इसके अगले दिन रूस ने दावा किया कि उसके सीमावर्ती शहर बेलगोरोड को यूक्रेन ने निशाना बनाया जिसमें कम से एक दर्जन लोग मारे गए। यूक्रेन के खिलाफ करीब 22 महीने पहले रूस द्वारा युद्ध छेड़े जाने के बाद से उसके शहर पर हुए अबतक सबसे घातक हमला था। रूसी अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तक मृतकों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है जिनमें पांच बच्चे शामिल हैं।

पिछले साल मई से ही पश्चिमी रूस के शहर लगातार ड्रोन हमले के निशाना बन रहे हैं। हालांकि, यूक्रेन के अधिकारियों ने कभी स्वीकार नहीं किया है कि उन्होंने रूस के इलाके या क्रीमिया प्रायद्वीप पर हमला किया है। पुतिन ने सोमवार को कहा, ''वे हमे धमकाना चाहते हैं और हमारे देश में अनिश्चतता पैदा करना चाहते हैं। हम अपने हमले तेज करेंगे।

# अविस्मरणीय होगा रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या का श्रीराम मंदिर 'राष्ट्र मंदिर' के रूप में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है और हर कोई अयोध्या आना चाहता है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में अयोध्या में जारी विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस संबंध में जारी एक बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार के स्तर से सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, आज पूरी दुनिया अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है।

हर कोई अयोध्या आना चाहता है। पूरा देश राममय है। यह उत्तर प्रदेश की 'ग्लोबल ब्रांडिंग' का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले अतिथियों तथा उसके बाद पर्यटकों/श्रद्धालुओं के आगमन को सुखद बनाने में राज्य सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम मंदिर 'राष्ट्र मंदिर' के रूप में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक होगा।

उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सभी सनातनियों के लिए गौरव का अवसर है और 22 जनवरी को शाम के समय हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, हर सनातन आस्थावान अपने घरों/प्रतिष्ठानों में राम ज्योति प्रज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा। यह सब अभूतपूर्व है। भावुक करने वाला है। आदित्यनाथ ने कहा, प्राण-प्रतिष्ठा के बाद हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु/पर्यटक अवधपुरी आएंगे। उत्तर प्रदेश आगमन पर उन्हें अलौकिक अनुभूति हो, इसके लिए उत्कृष्ट आतिथ्य की सभी व्यवस्थाएं की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अवधपुरी में संचालित किए जाने वाले भोजनालय को 'माता शबरी' के नाम पर स्थापित किया जाएगा और अन्य भवनों के नामकरण भी इसी प्रकार रामायणकालीन चरित्रों के नाम पर रखे जाएंगे।

# 'राम राज बैठे त्रैलोका, हर्षित भए गए सब सोका'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अयोध्या।राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि यह नया साल 2024 बहुत महत्वपूर्ण होगा क्योंकि राम लला अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होंगे तथा आम चुनाव होंगे और दोनों 'शुभ' होंगे। शहर के रामघाट इलाके में स्थित अपने आवास पर सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में वयोवृद्ध पुजारी ने अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा, न सिर्फ शांति बल्कि, राम राज्य आ रहा है।

राम लला गर्भ गृह में विराजमान होंगे। उन्होंने एक चौपाई को उद्धृत करते हुए कहा, राम राज बैठे त्रैलोका, हर्षित भए गए सब सोका। दास ने कहा, दुख, पीड़ा, तनाव सब समाप्त हो जाएगा और हर कोई खुश होगा। 'राम राज्य' शब्द का इस्तेमाल आदर्श शासन के लिए किया जाता है जहां हर कोई खुशहाल हो। आरती के लिए राम जन्मभूमि मंदिर स्थल रवाना होने से पहले आचार्य दास ने कहा, नववर्ष पर सभी देशवासियों को मेरी बधाई एवं शुभकामनाएं। राम लला को छप्पन भोग लगाया जाएगा और प्रसाद चढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि परंपरा के अनुसार, दोपहर में 'भोग आरती' की जाती है। दास ने कहा कि होली, रामनवमी, बसंत पंचमी, नववर्ष और स्वतंत्रता व गणतंत्र दिवस जैसे विशेष अवसरों पर राम लला को 'छप्पन भोग' लगाया जाता है। राम मंदिर के मुख्य पुजारी ने कहा, इसलिए, नया साल बहुत अच्छा रहेगा।

उनके सहयोगी ने बताया कि सोमवार को राम लला को अर्पित किया गया 'छप्पन भोग' लखनऊ की एक बहुत पुरानी दुकान से एक विशेष रूप से बनाए गए बॉक्स में आया था, जिस पर भगवान राम और आगामी मंदिर का चित्रण किया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों उसी जगह से प्रसाद आ रहा है। आचार्य दास ने कहा, यह नया साल बहुत ही महत्वपूर्ण है और यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी महीने 22 जनवरी को राम लला गर्भगृह (नए बन रहे मंदिर के) में विराजमान होंगे...और यह देश के लोगों के लिये बहुत लाभकारी होगा।

इस बीच, अयोध्या में आयोजकों ने नए साल के दिन पूजा किए गए हल्दी और घी के साथ मिश्रित चावल के दाने 'अक्षत' का वितरण शुरू किया जो राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक सप्ताह पहले 15 जनवरी तक जारी रहेगा। अयोध्या में 31 दिसंबर की रात को नए साल का जश्न मनाया गया, 'जय श्री राम' के उद्घोष के बीच कई निवासी और अन्य लोग नये घाट के पास प्रतिष्ठित लता मंगेशकर चौक पर एकत्र हुए। नए साल पर बड़ी संख्या में लोगों ने सरयू नदी में डुबकी लगाई, जबकि अन्य लोग रामलला के दर्शन के लिए रामजन्मभूमि मंदिर गए। इसके साथ ही कई लोग भगवान हनुमान का आशीर्वाद लेने के लिए हनुमानगढ़ी मंदिर भी गए।



# 'बड़े मियां छोटे मियां' का नया पोस्टर रिलीज

मंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर बड़े मियां छोटे मियां का नया पोस्टर रिलीज किया है।पोस्टर में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ के साथ जेट स्कीइंग करते हुए फुल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा,आपका नया साल बड़ा बने, छोटी छोटी खुशियों से।

बड़े मियां छोटे मियां की तरफ से हैप्पी न्यू ईयर। थिएटर्स में मिलने के लिए 2024 की ईद बुक करना न भूले। चलिए 2024 में धमाल मचाते हैं। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है।बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष रिलीज की जाएगी।

# भूकंप प्रभावित जापान से लौटने पर 'गहरे सदमे' में हैं एनटीआर जूनियर

मुंबई/एजेन्सी

पिछले एक सप्ताह से जापान में रह रहे तेलुगू स्टार एनटीआर भारत सुरक्षित लौट आए हैं। अभिनेता जापान में आए भूकंप से गहरे सदमे में हैं। मध्य जापान और आसपास के इलाकों में आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.6 मापी गई, जिससे घर ढह गए और सुनामी की चेतावनी दी गई। एक्स पर 'आरआरआर' अभिनेता ने लिखा, ''जापान से आज घर लौटा हूं और भूकंप के झटकों से बहुत सदमे में हूं। पिछला पूरा सप्ताह वहां बिताया और प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। लोगों की संघर्ष करने की क्षमता के लिए आभारी हूं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की उम्मीद करता हूं।'' वह वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म 'देवरा' की तैयारी में व्यस्त हैं। अभिनेता ने एक जनवरी को फिल्म से एक पोस्टर शेयर किया था, जिसमें वह भयंकर रूप में दिखाई दे रहे थे। 'देवरा' का निर्देशन फिल्म निर्माता कोराताला शिवा ने किया है। यह बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर की पहली तेलुगु फिल्म भी है। इसमें सैफ अली खान भी हैं। देवरा' का पहला पार्ट, 5 अप्रैल को देशभर में प्रदर्शित होगा।




# माधुरी दीक्षित ने सिद्धिविनायक मंदिर जाकर लिया आशीर्वाद

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने नए साल की आध्यात्मिक शुरुआत की। वह मंगलवार को अपने पति श्रीराम नेने के साथ सिद्धिविनायक मंदिर गईं। एक्ट्रेस ने अपनी आने वाली मराठी फिल्म 'पंचक' के लिए आशीर्वाद मांगा। पैपराजी द्वारा कैप्चर किए गए वीडियो में, माधुरी को पेस्टल पिंक कलर की अनारकली सूट में देखा जा सकता है।

उन्होंने अपने बाल खुले रखे और मिनिमल मेकअप किया। वहीं, उनके पति ने फुल स्लीव्स रेड कुर्ता पहना था। कपल को प्रार्थना करते हुए देखा जा सकता है। माधुरी अक्टूबर 1999 में श्रीराम के साथ शादी के बंधन में बंधी थी। कपल के दो बेटे अरिन और रयान हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'पंचक' का निर्देशन जयंत जठार ने किया है और इसमें आदिनाथ कोठारे मुख्य भूमिका में हैं। इस बीच, माधुरी आखिरी बार 'माजा मा' में नजर आई थीं।




# फिल्म 'कोख' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/वार्ता

प्रदीप पांडेय चिंटू और यशपाल शर्मा की आने वाली फिल्म कोख का ट्रेलर रिलीज हो गया है। भोजपुरी फिल्म कोख में प्रदीप पांडेय चिंटू, यशपाल शर्मा और संचिता बनर्जी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म कोख का ट्रेलर वेव म्यूजिक के ऑफिस यूट्यूब चैनल रिलीज किया गया है। आकृति एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत फिल्म कोख को लेकर चिंटू ने कहा कि यह एक मजेदार और सकारात्मक फिल्म है। फिल्म में मेरा किरदार बेहद अहम है। साथ ही फिल्म में यशपाल शर्मा जी के साथ काम करने का अनुभव भी शानदार रहा। फिल्म महिला प्रधान है लेकिन यह हर वर्ग के दर्शकों को देखना चाहिए। उम्मीद है सबों फिल्म का ट्रेलर पसंद आएगा और जब फिल्म रिलीज होगी तो फिल्म भी उन्हें खूब पसंद आएगी। फिल्म को लेकर यशपाल शर्मा ने कहा कि भाषा के आधार पर फिल्मों के प्रति धारणा बनाना सही नहीं है, मेरा मानना है कि एक कलाकार के रूप में किरदार महत्वपूर्ण है जो मैंने आज तक अपनी सभी फिल्मों में निभाया है और भोजपुरी की इस फिल्म में भी मैं अपने किरदार को बखूबी जिया हूं। उम्मीद करता हूं कि हिंदी की तरह भोजपुरी के दर्शक भी हमें अपना आशीर्वाद और प्यार देंगे।

संचिता बनर्जी ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए बेहद संवेदनाओं से भरी है औरत होने के नाते मां न बनने की मजबूरी और किसी और के बच्चे को पालकर जन्म देने के बाद उसे छोड़ने की जर्नी दो महिलाओं के बीच बेहद कष्टकारी अनुभव को दर्शाता है, जो महिलाएं ही समझ सकती हैं। इस किरदार को पर्दे पर जीना मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन कलाकार होने के नाते मैं अपना हंड्रेड परसेंट दिया। अब दर्शकों को डिसाइड करना है कि यह उन्हें कितना पसंद आती है।

फिल्म कोख के निर्माता राकेश डांग और लाल विजय शाहदेव हैं, जबकि इस फिल्म का निर्देशन प्रबीण कुमार शर्मा ने किया है। फिल्म की सह निर्माता अमृता शाहदेव और मधुकर वर्मा हैं। फिल्म कोख के लेखक लाल विजय शाहदेव हैं। छायांकन अजित सिंह ने किया है। संगीत ओम झा का है। संकलन अखिलेश सिंह का है। क्रिएटिव डायरेक्टर कामाक्षी ठाकुर हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव, अरबिंद तिवारी, ओम झा, राकेश निराला, विनय निर्मल हैं। नृत्य लक्की विश्वकर्मा एव एमके। गुप्ता जोय (मनोज) और कला नाजीर शेख का है। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू और यशपाल शर्मा के साथ पूजा गांगुली, संचिता बनर्जी और माया यादव भी मुख्य भूमिका में हैं।




# 'द बुल' के लिये पैरामिलिट्री ट्रेनिंग लेंगे सलमान खान

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म द बुल के लिये पैरामिलिट्री ट्रेनिंग लेगे। सलमान खान ,करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनने जा रही फिल्म द बुल में काम करने जा रहे है।बताया जा रहा है कि फिल्म 'द बुल' में सलमान खान पैरामिलिट्री ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन विष्णु वर्धन करेंगे। इस फिल्म में सलमान ब्रिगेडियर फारुख बुलसारा से प्रेरित भूमिका निभाएंगे, जिन्होंने साल 1988 में मालदीव में हुए आपरेशन कैक्टस की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विष्णु वर्धन इस फिल्म में सलमान को पतला दिखाना चाहते हैं। अलग-अलग शारीरिक तैयारियों के साथ सलमान मुंबई में इसके लिए पैरामिलिट्री ट्रेनिंग भी लेंगे। इस ट्रेनिंग में विभिन्न किस्म के योग अभ्यास के साथ, दौड़ना, ज्यादा वजन के साथ अभ्यास, तैराकी और सर्किट ट्रेनिंग समेत कई चीजें शामिल हैं।

सलमान खान और करण जौहर 25 साल बाद एक बार फिर साथ में आ रहे हैं। सलमान खान ने करण जौहर की वर्ष 1998 में प्रदर्शित फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में काम किया था। इस फिल्म में सलमान खान ने कैमियो रोल किया था।

# यामी गौतम ने खास अंदाज में की नए साल की शुरुआत!

मुंबई/एजेन्सी



यामी गौतम, भारतीय सिनेमा की लीडिंग एक्ट्रेसेज में से एक हैं और अपने अभिनय कौशल से उन्होंने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी हैं। अपने करियर की शुरुआत से ही उन्होंने अपने टैलेंट के दम पर मनोरंजन जगत में एक सफल यात्रा तय की है। 2023 में, यामी ने डिजिटल और थ्रिएट्रिकल, दोनों प्लेटफार्मों पर शानदार सफलता एंजॉय की, और ओएमजी 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म में काम किया, जिसने नेशनल बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ की कमाई की। उन्होंने दसवीं, लॉस्ट और चोर निकल कर भागा के साथ डिजिटल स्पेस में भी धूम मचाई, जो कंटेंट बेस्ड फिल्में थी हिट भी हुई। इसके साथ ही इन फिल्मों को दर्शकों द्वारा खूब सराही गईं। पर अब जैसा कि साल 2023 खत्म हो चुका है और सभी ने नए साल को अपने अंदाज में वेलकम किया। यामी गौतम ने भी 2024 का जश्न अपने अलग तरीके से मनाया और ग्रेंड और फैंसी सेलिब्रेशन की बजाए, नेचर, एंवायरामेंट और एनिमल्स के करीब रहकर इसे स्पेशल तरह से सेलिब्रेट किया। इस सेलिब्रेशन की एक झलक शेयर करते हुए यामी गौतम ने एक वीडियो शेयर किया और लिखा, ''खूबसूरत 2023 के लिए आभारी हूं और ब्लेस्ड 2024 की उम्मीद करती हूं।हैप्पी न्यू ईयर !!नए साल के जश्न में अभिनेत्री के साथ उनके पति और फिल्म मेकर आदित्य धर भी थे। वहीं 2024 में अपनी सिनेमाई यात्रा जारी रखते हुए, यामी गौतम कुछ दिलचस्प परियोजनाओं के साथ आएंगी जैसे कि कॉमेडी फिल्म धूम धाम और कई अन्य।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

अहिंसा धर्म परमात्मा का धर्म है। जहां पर अहिंसा है, वहां पर अमृत है, जहां पर हिंसा है वहां पर विष है, जहां पर अहिंसा की प्राण-प्रतिष्ठा होती है वहां का वातावरण भय मुक्त हो जाता है। परमात्मा में परमाणुओं का दिव्य प्रभाव हुआ करता है, बकरी और शेर भी एक साथ बैठकर निर्भय होकर परमात्मा की वाणी को श्रवण करते थे। जहां पर अहिंसा, करुणा और मानवता की भावना होती है वहां पर उनका जीवन धन्य हो जाता है। अहिंसा की प्रतिमूर्ति थी साध्वीश्री यंशकवरजी।



# पुरुषवाक्कम में हुआ नूतन वर्ष का महामांगलिक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां पुरुषवाक्कम एएमकेएम में विराजित साध्वीश्री चैतन्याश्रीजी के सान्निध्य में एमकेएम मेमोरियल ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में महामांगलिक कार्यक्रम रखा गया। साध्वीजी ने अपने प्रवचन में बताया कि जो भी मनुष्य घर के बड़े बुजुर्गों को नमन कर आशीर्वाद लेता है, संतों के पास जाकर दर्शन प्रवचन का लाभ लेता है और अपने कार्य का शुभारंभ करता है उसके लिए प्रत्येक दिन शुभमय एवं मंगलमय होता है। आपके कर्म अच्छे हैं तो आपका जीवन औरों के लिए भी मंगलमय बन जायेगा तथा परिवार में कभी भी संकट नहीं आएगा। साध्वीश्री ने कामना की कि वर्ष 2024 का नया साल आपके जीवन को खुशियों भर दे और यह साल आपके परिवार में सुख समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करे।

साध्वीश्री ने कहा कि जब भी मौका मिले हमें अन्नदान, औषधिदान, वस्त्र दान करना चाहिए और दूसरों की सहायता करना चाहिए। अगर मनुष्य में नम्रता हो शब्दों में मिठास हो तो आपका हर दिन नूतन दिवस बन जाएगा। नववर्ष के कार्यक्रम में चेन्नई, बेंगलूरु आरकोणम सहित अनेक क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम के लाभार्थी मरुधर केसरी मिश्रीमलजी के अनन्य भक्तगण थे। कार्यक्रम में नवरतनमल चौरड़िया, सुनील बाफना, विनयचन्द पावेचा, सुनील विनायकिया, यशवंत पुंगलिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मंच का संचालन समिति के मंत्री संतोष पगारिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा वर्ग का विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष शांतिलाल मुथा ने दी।



## ज्ञान और क्रिया की बेजोड़ संगम थीं साध्वी चन्दनबाला : साध्वी प्रतिभाश्री

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में महासती डॉ प्रतिभाश्रीजी के सान्निध्य में महासती चंदनबालाजी के संलेखना संथारा सहित देवलोकगमन पर उनकी स्मृति में गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। 28 दिसंबर को हैदराबाद में दिवंगत हुई साध्वीश्री के संस्मरणों को याद करते हुए साध्वी श्री ऋषिताश्रीजी ने कहा कि साध्वीश्री चंदनबालाजी श्रमण संघ और अमर गच्छ की एक दिव्य विभूति थी। उन्होंने 14 वर्ष की छोटी उम्र में दीक्षा लेकर लगभग 71 वर्ष तक दीक्षा पर्याय का पालन किया। वे ज्ञान और क्रिया की बेजोड़ संगम थीं और उच्च कोटि की साधिका थीं। उनका जीवन चंदन की तरह महकता था। उनका संयमी जीवन साधु साध्वियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को उन्नत बनाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में कल्याण श्रीश्रीमाल, कांतिलाल सालेचा, प्रकाशचंद विनायकिया आदि ने दिवंगत साध्वी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ व ज्येष्ठ पुष्कर आराधना केंद्र की ओर से विनोद भूरट ने श्रद्धांजलि अर्पित की। महासतीजी का देवलोकगमन हुआ था। महासतीजी चन्दनबालाजी का चातुर्मास अक्कीपेट स्थानक में हो चुका है। संघ के उपाध्यक्ष माणकचंद बडेरा एवं केवलचंद पारख तथा अनेक श्रावक श्राविकाएं इस सभा में उपस्थित थे। संचालन सहमंत्री विनोद भूरट ने किया।



# तेयुप विजयनगर ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर किया नववर्ष का स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में तेयुप विजयनगर द्वारा आयोजित एमबीडी ब्लड डोनेशन कैंप रिदम 2024 का आयोजन तेयुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा की अध्यक्षता में हुआ। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन मुख्य अतिथि अभातेयुप के परामर्शक विमल कटारिया ने पढ़ा। तेयुप विजयनगर अध्यक्ष राकेश पोखरणा ने सभी का स्वागत किया। इस अभियान के तहत वर्ष पर्यन्त विभिन्न परिषद शाखाओं द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरुआत तेयुप विजयनगर में हुई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा ने रक्तदान के क्षेत्र में तेयुप विजयनगर की भूमिका की सराहना की। उन्होंने विभिन्न परिषदों को अन्य स्थानीय, संस्थाओं संगठनों को जोड़कर रक्तदान के प्रति जन जागरण एवं जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। डागा ने स्वयं भी रक्तदान किया।

मुख्य अतिथि विमल कटारिया ने तेयुप विजयनगर एवं विभिन्न परिषदों को रक्तदान में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। मानव सेवा में लायंस क्लब के सतत सहयोग हेतु आभार व्यक्त करते हुए रक्तदान किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में लायंस चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर नागराज, अमित दक ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर एमबीडीडी कर्नाटका सह संयोजक सुधीर पोखरणा, लायंस क्लब 317 के चेयरमैन मनोज कुमार सहित विजयनगर तेयुप के अनेक पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन मंत्री कमलेश चोपड़ा ने किया। आभार एमबीडी संयोजक विशाल जैन ने किया।

### कैलेन्डर विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर के जैन खरतरगच्छ संघ भवन में नए वर्ष के मौके पर गच्छादिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभसागरसूरीश्वरी के आशीर्वाद से वर्ष 2024 के जैन कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में संघ अध्यक्ष सुरेंद्र गोलेछा, सचिव श्यामसुन्दर लूनिया, प्रदेश युवक परिषद अध्यक्ष दीपक नाहटा, जिला युवक परिषद अध्यक्ष प्रकाश बोथरा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कैलेन्डर विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के शिव गौ सेवा भजन मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राजराजेश्वरीनगर स्थित प्रभुपाद गौशाला में नववर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। गौशाला के प्रमुख आनंद कृष्ण दास,महेंद्र मुणोत एवं ट्रस्ट के सदस्य ने कैलेन्डर का विमोचन किया। इस अवसर पर गायों की सेवा के लिए ट्रस्ट की तरफ से 111000 की सहयोग राशि का चेक गौशाला को दिया गया।



## अग्रवाल भवन में रामायण पर परिचर्चा कल से

चेन्नई। गीतारत्न परिवार द्वारा स्वामी शिवतत्वानंदजी द्वारा वेदसार एवं तुलसीदास जी द्वारा रचित रामायण पर आधारित संवाद एवं परिचर्चा का आयोजन अन्नानगर स्थित एसआरकेके अग्रवाल सभा भवन में किया जा रहा है। 13 जनवरी तक चलने वाला यह कार्यक्रम रोजाना सुबह 10 बजे तथा शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। परिचर्चा का मुख्य केंद्र मनुष्य जीवन के मूल कर्तव्य होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों में कृष्णा अग्रवाल, कल्पना भालोटिया, उषा बिहानी, प्रभा खेमका सहित अनेक महिला सदस्याएं जुटी हुई हैं।

# ‘माइल्स’ ने स्थापित किया मानवसेवा का माइलस्टोन

### संस्था ने जरुरतमंद 100 युवतियों को कराई शॉपिंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। नए साल की शुरुआत में हर कोई नई जगह जाना या खरीददारी करना पसंद करता है परन्तु ‘माइल्स’ संस्था की सदस्याओं (वीराओं) ने इस बार अनोखे ढंग से नववर्ष 2024 की शुरुआत की। इन सदस्याओं ने अपने लिए खरीददारी नहीं कि अपितु 100 जरुरतमंद लड़कियों चेन्नई के सबसे बड़े मॉल एक्सप्रेस एवेन्यू में मैक्स शोरूम से शॉपिंग करवाई। इस अनोखी पहल से बच्चियों के चेहरे पर जो ख़ुशी शॉपिंग करने का उत्साह देखने को मिला वह अपने आप में बहुत ही अलग व संतोषप्रद था। सदस्याओं ने बताया कि महिला सदस्याओं ने शहर के आउटस्कर्ट्स के जरुरतमंद युवतियों की खोज शुरु कि तथा सभी को एक जगह बुलाकर उन्हें शॉपिंग करवाना उनका उद्देश्य रहा। शहर के बाहरी इलाकों से सचमुच जरूरतमंद बच्चों जो आर्थिक दृष्टि से निम्न स्तर के परिवारों से आते हैं उन्हें शॉपिंग करवाना एक अलग ही अनुभूति थी। इस नई पहल को देखते हुए रोटरी क्लब नोबल सेन्टर ने भी 50 बच्चों को खरीददारी करवाई। इस मौके पर माइल्स चेयरपर्सन सरिता बालेचा, मंत्री शिल्पा जैन, सहमंत्री इंदु बोथरा आदि उपस्थित थीं।

# राजस्थानी हथकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी और सेल में छाई रौनक

### 10 जनवरी तक जारी रहेगा यह आयोजन



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। मारुति एंटरप्राइजेज द्वारा आयोजित द ग्रैंड राजस्थानी एक्सिबिशन की ओर से यहां जेपी नगर स्थित आरबीआई लेआउट के सोमेश्वर सभा भवन में प्रदर्शनी और सेल का आयोजन किया जा रहा है, जो 10 जनवरी तक जारी रहेगी। इसका आगाज 28 दिसंबर को हुआ था। इसका समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक है।

यह प्रदर्शनी भारत के पूर्वी भाग से ग्रामीण कारीगरों को एक साथ लाती है, जिसमें कॉटन और रेशम हथकरघा और हस्तशिल्प उड़ीसा टाई और डाई, ड्रेस सामग्री और उड़ीसा साड़ियां, पश्चिम बंगाल की सूती साड़ियां और कई अन्य के विशाल संग्रह शामिल हैं।इसके साथ ही राजस्थान हस्तशिल्प और हथकरघा की विविधता में, उत्तर प्रदेश से ब्लू पेविंग, कुर्जा पेविंग, सहारनपुर लकड़ी की नक्काशी, कलाकृतियां, संगमरमर, राजस्थानी आभूषण, रत्न, गलीचे, कलमकारी साड़ियां, झुमके, कुर्ते, बंगाली शुद्ध सूती कपड़े, लेडीज़ टॉप और कई अन्य चीजें शामिल हैं।

यह प्रदर्शनी समकालीन लाइफ स्टाइल प्रॉडक्ट बनाने के लिए पारंपरिक हथकरघा कौशल के उपयोग के बारे में है। यहां ढाका के बिस्वजीत साहा की प्रसिद्ध ढाकाई मलमल जामदानी साड़ी प्रस्तुत है।

जूट-मलमल की साड़ियां अपनी नाजुक पट्टियों के साथ क्लासिक स्टेटमेंट बनाती हैं। इनके पल्लू को जूट और सोने की कैरियों से सजाया गया है। प्रदर्शनी में गिफ्ट प्रॉडक्ट्स का भी खजाना है। राजस्थान का कठपुतली शो नृत्य भी विशेष आकर्षण है।

# माता की चौकी का आयोजन 7 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के हरियाणा नागरिक संघ एवं हरियाणा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा माता की चौकी का आयोजन रविवार को वेपेरी स्थित अग्रवाल जूनियर विद्यालय में किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश बंसल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माताजी की चौकी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रयागराज उत्तरप्रदेश से भजन गायिका जूली सिंह भजनों की प्रस्तुति देंगी।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान हरवीर कौर नांदल तथा ज्योति कुमारी लोहान है। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 4 बजे से होगा। कार्यक्रम की तैयारियों में अजयकुमार गुप्ता, वासुदेव अग्रवाल, कृष्णलाल गोयल, सुरेश अत्री, मोहनलाल सर्राफ सहित अनेक सदस्य जुटे हुए है।

# माहेश्वरी महिला संगठन का ‘आजीवन खुश रहने का मंत्र’ कार्यक्रम कल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। माहेश्वरी सभा के अंतर्गत माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में ‘आजीवन खुश रहने का मंत्र’ नामक एक कार्यक्रम गुरुवार को सुबह 9.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है । रिचमंड टाउन के गुड शेपर्ड आडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में नारायण रेकी की संस्थापिका व वक्ता राजेश्वरी मोदी ‘राज दीदी’ जीवन को जीने के सकारात्मक तरीके बताएंगी तथा अपने प्रवचन व व्याख्यान से लाभान्वित करेंगी। संगठन की अध्यक्ष श्वेता बियानी ने बताया कि इस आयोजन को लेकर समाज में विशेष उल्लास है। निर्मला कांकणी ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

### सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मैसूरु के हेल्पिंग हैंड्स जैन यूथ ऑर्गेनाइजेशन की महिला विंग की ओर से मेटगली स्थित गुडविश फाउंडेशन में रह रहे जरूरतमंद बच्चों के उपयोग हेतु गद्दे, तकिया, चद्दर आदि भेंट किए गए। इस मानवसेवा के कार्य में महिला विंग की सीमा बोहरा, नविता बोहरा, बिंदु बाघमार, आशा बाघमार, इंदिरा खाबिया सहित अनेक महिला सदस्य उपस्थित थीं।

# नाहर बने प्राज्ञ जैन संघ के अध्यक्ष, हिंगड़ बने मंत्री





**बेंगलूरु/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** स्थानीय प्राज्ञ जैन संघ कर्नाटक का वार्षिक स्नेह मिलन रविवार को रिसोर्ट में सम्पन्न हुआ। पूर्व अध्यक्ष रिखबचंद हिंगड़ ने सभी का स्वागत किया एवं कोषाध्यक्ष सुभाष सिंघवी ने लेखा जोखा पेश किया। पूर्व मंत्री पुखराज श्रीश्रीमाल ने संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। संघप्रमुख हस्तीमल कोठारी ने संघ के नए अध्यक्ष के लिए अरुणकुमार नाहर के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। उसी श्रृंखला में सर्व सम्मति से टीकमचंद हिंगड़ को मंत्री, राजेश कोठारी को युवा संघ अध्यक्ष, अरिहंत छाजेड़ को युवा मंत्री, अनीता गांग को महिला मंडल अध्यक्षा और मोनिका बोहरा को मंत्री बनाया गया।

नए अध्यक्ष अरुण नाहर ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दिए जाने पर सभी को धन्यवाद दिया तथा भविष्य में सभी के सहयोग की कामना की।

# संत राजेशमुनि का चातुर्मास शांतिनगर संघ में घोषित

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। वापी-गुजरात का चातुर्मास सम्पन्न कर उत्तर भारतीय संत संघशास्ता गुरुदेव श्री सुदर्शनलालजी के शिष्य संतश्री राजेशमुनिजी व ऋषभमुनिजी मुम्बई के भायंदर में विराजमान है। वर्ष 2023 के वापी के चातुर्मास में वर्धमान श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ शांतिनगर के प्रतिनिधि मंडल ने वर्ष 2024 चातुर्मास के लिए निवेदन किया था तब संतश्री राजेशमुनिजी ने यथासमय चातुर्मास की घोषणा करने का आश्वासन दिया। नववर्ष की विशेष प्रवचन के दौरान संतश्री राजेशमुनिजी ने वर्ष 2024 का चातुर्मास शांतिनगर, बेंगलूरु संघ में करने की घोषणा की।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.